


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 1 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-303 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# अंतरिम बजट में इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं

**नई दिल्ली,1 फरवरी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और सबसे गरीब आबादी को सशक्त बनाने पर प्रमुख ध्यान देने के साथ अंतरिम बजट 2024-25 पेश कर दिया है। सीतारमण ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब, महिलाएं, किसान और युवा हैं। यह व्यापक रूप से उम्मीद की गई थी कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस साल लोकसभा के चुनाव होने हैं इसलिए अंतरिम बजट पेश किया गया। नई सरकार के गठन के जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इसलिए सरकार की ओर से बड़े ऐलान से परहेज किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 10 साल में गहरा सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है। सीतारमण ने अपने चुनाव पूर्व बजट में कहा कि भारत के लोग आशा और विकल्पों के साथ भविष्य की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने समावेश के सभी पहलुओं का ध्यान रखा। वित्त मंत्री ने कहा कि संरचनात्मक सुधारों, जन-समर्थक कार्यक्रमों और रोजगार के अवसरों ने अर्थव्यवस्था को नई ताकत देने में मदद की।

सीतारमण ने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम कर रही है। सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि ''अन्नदाता'' (किसानों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर और उचित रूप से बढ़ाया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी तथा आवश्यक 'मॉडल' है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार प्रणालीगत असमानताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलने से उनकी भोजन संबंधी चिंताएं खत्म हो गयी हैं। उन्होंने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई, तो भारत भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था और सरकार ने सही तरीके से चुनौतियों पर काबू पाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि उनकी सरकार गरीब आबादी के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल के लिए बढ़ाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से मुक्ति मिली है। उन्होंने लोकसभा में अंतरिम

## बड़े ऐलान से परहेज



### हर महीने 300 यूनिट फ्री बिजली

निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की सूर्योदय योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत छत पर सोलर सिस्टम लगाया जाएगा. वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि सूर्योदय योजना के तहत छतों पर सोलर पैनल लगाने से हर महीने करोड़ों परिवारों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली का लाभ मिलेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान कहा कि फ्री सोलर बिजली और अधिशेष बिजली वितरण कंपनियों को बेचने से परिवारों को हर साल 15 से 18 हजार रुपये की कमाई होगी. साथ ही इसकी मदद से इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग भी लगाया जा सकता है. छत पर सोलर पैनल लगाने और इंस्टालेशन के लिए बड़ी संख्या में वेंडरों को कारोबार करने का अवसर भी मिलेगा.

### रेलवे-इंफ्रा को लेकर ये ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी कर दी गई है और देश में 1000 से अधिक नए एयर क्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये का खर्च होगा और इसके खर्च में 11 फीसदी का इजाफा किया जा रहा है। रेलवे के लिए एलान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वंदे भारत में 40 हजार बोगियों को अपग्रेड किया जायेगा।

बजट पेश करते हुए कहा कि गरीबी से निपटने के पिछली सरकारों के नजरिये से बेहद मामूली परिणाम मिले। सीतारमण ने कहा कि अब पारदर्शिता के आधार पर सभी पात्र नागरिकों को लाभ हस्तांतरित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत की जा रही है। सरकार वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करेगी और अगले पांच साल अभूतपूर्व वृद्धि वाले होंगे।

सीतारमण ने कहा कि आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं। प्रत्यक्ष और परोक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा। वित्त वर्ष 2024-25 में 30.80 लाख करोड़ रुपये की कुल प्राप्तियां (उधारी को छोड़कर) रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कर रिटर्न की प्रक्रिया में लगाने वाला समय 2014 में 93 दिन से घटकर अब 10 दिन रह गया है, रिफंड तेजी से किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार 2014 से पहले के वक्त के आर्थिक कुप्रबंधन पर श्वेतपत्र लेकर आएगी।

देश ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों का लक्ष्य हासिल करने के करीब है और अगले पांच साल में दो करोड़ घरों का निर्माण किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट पेश करते हुए यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत ग्रामीण आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की थी। सीतारमण ने कहा कि सरकार पात्र मध्यम वर्ग को अपना घर खरीदने या बनाने के लिए एक आवासीय योजना शुरू करेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के 5.8 प्रतिशत के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये का अनुमान है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान 5.9 प्रतिशत से कम है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी का अर्थ गवर्नेंस, परफॉर्मेंस और डेवलपमेंट है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को देश में दूध और दुग्ध (डेयरी) उत्पादन बढ़ाने की योजना की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, लेकिन उत्पादकता कम है। भारत का दूध उत्पादन 2022-23 में चार प्रतिशत बढ़कर 23.05 करोड़ टन हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि तिलहन उत्पादन के लिए आत्मनिर्भरता के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीएम किसान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं में से है। पीएम-किसान योजना के तहत सरकार तीन समान मासिक किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान करती है। यह पैसा देशभर के किसान परिवारों के बैंक खातों में 'डीबीटी' के जरिये डाला जाता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक स्थिति अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था उभर रही है और भारत ने ईंधन और उर्वरक की कीमतों में बढ़ोतरी की वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

## बजट की बड़ी बातें

- भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 10 साल में काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।
- अपने कार्यों के दम पर हमें उम्मीद है कि सरकार को फिर से मजबूत जनादेश मिलेगा।
- संरचनात्मक सुधारों, जन-हितैषी कार्यक्रम और रोजगार के अवसरों ने अर्थव्यवस्था में नया जोश भरने में मदद की।
- सामाजिक न्याय हमारी सरकार का मॉडल... गरीब, महिला, युवा, अन्नदाता पर विशेष ध्यानः सीतारमण
- पीएम-स्वनिधि से 78 लाख रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को लाभ मिला, पीएम विश्वकर्मा योजना ने भी लाभांवित कियाः सीतारमण
- देश में 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, सरकार गरीबों को सशक्त बना रहीः सीतारमण
- मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों की खाने की चिंता खत्म हुईः सीतारमण।
- आज का युवा रोजगार देने वाला बन रहा है, विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिल रहा है प्रोत्साहनः सीतारमण
- पीएम मुद्रा योजना के तहत 30 करोड़ कर्ज महिला उद्यमियों को बांटे गएः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
- पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया हैः सीतारमण
- सरकार ने जीडीपी को गवर्नमेंट, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस का नया अर्थ दिया है, समावेशी विकास पर विशेष ध्यानः सीतारमण
- जनधन खातों के जरिये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से 34 लाख करोड़ रुपये अंतरित किये गये, इससे 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुईः सीतारमण
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत कर रही हैः सीतारमण
- अगले पांच साल देश के लिए अभूतपूर्व विकास का समय होगा, विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगाः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने वाले कदमों से इसे निर्धारित दायरे तक लाने में मदद मिलीः सीतारमण
- कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों में नैनो यूरिया का उपयोग किया जाएगाः सीतारमण
- मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लेकर आएगी सरकार, किराये के घरों, झुग्गी बस्तियों एवं चाल में रहने वाले लोगों के लिए योजना होगीः सीतारमण
- मौजूदा जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदलने के बारे में सुझाव देने के लिए समिति का गठन होगाः सीतारमण
- सरकार देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च तथा अधिक संसाधन कुशल आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में मदद करेगीः सीतारमण
- सरकार डेयरी किसानों को समर्थन देने के लिए योजना लाएगीः सीतारमण
- हम ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन करोड़ का लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं; अगले पांच वर्षों में दोकरोड़ से अधिक घरों का निर्माण किया जाएगा : सीतारमण
- सरकार आर्थिक दृष्टिकोण अपनाएगी जो सतत विकास को सुविधाजनक बनाएगा और उत्पादकता में सुधार लाएगा : वित्त मंत्री
- देश में 1,361 मंडियों को ई-नाम से जोड़ा जाएगा, मत्स्य संपदा के तहत एक्वाकल्चर दोगुना किया जाएगाः सीतारमण
- तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये रणनीति तैयार की जाएगीः सीतारमण
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक, डेयरी प्रसंस्करण एवं पशुधन के लिए ढांचागत विकास कोषः वित्त मंत्री सीतारमण
- उड़ान योजना के तहत 517 नये मार्ग जोड़े जाएंगेः सीतारमण
- सरकार का कोयला 'गैसिफिकेशन' के जरिये प्राकृतिक गैस घटाने का लक्ष्य हैः सीतारमण

## चीन को पछाड़ टेक दुनिया का 'किंग' बनेगा भारत

**नई दिल्ली,1 फरवरी।** भारत 21वीं सदी में विज्ञान और तकनीकी इनोवेशन के मामले में दुनिया के बड़े देशों को टक्कर दे रहा है और इसे बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय बजट 2024 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इनोवेशन को बढ़ावा देने और प्रेरित करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पस (फंड) तैयार किया जाएगा। इसके अलावा पड़ोसी देश चीन से टेक ब्रैंड्स को भारत बुलाने की तैयारी है। दुनिया की ढेरों बड़ी टेक कंपनियां चीन में मैन्युफैक्चरिंग करती है लेकिन बीते कुछ साल में उनका रुझान भारत की ओर बढ़ा है। चीन की मौजूद टेक इंडस्ट्री को पीछे छोड़ते हुए इनोवेशंस से जुड़ा निवेश भारत में लाने और टेक ब्रैंड्स को लुभाने की पूरी तैयारी सरकार ने कर ली है। वित्त मंत्री ने बताया कि किस तरह विदेशी कंपनियों के लिए भारत ने अपने दरवाजे खोले हैं और उनके साथ मिलकर स्वदेशी कंपनियां नए डिवेलपमेंट्स कर रही हैं।

निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते वक्त अपने अभिभाषण में कहा कि देश में डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए भी जल्द एक नई योजना लाई जाएगी। उन्होंने इनोवेशन को विकास की नींव बताते हुए कहा कि इसके लिए 50 साल का इंट्रेस्ट-फ्री लोन देते हुए 1 लाख करोड़ रुपये का कॉर्पस (फंड) तैयार किया जाएगा। इसके चलते रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।

## ज्ञानवापी:सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इंकार

**मुस्लिम पक्ष को कहा–हाइकोर्ट जाएं**

**नई दिल्ली,1 फरवरी।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के एक तहखाने में पूजा-पाठ करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा कि हमने फाइल देख ली हैं, हम मस्जिद पक्ष को हाईकोर्ट जाने का आग्रह करते हैं, आपको कोई भी राहत चाहिए तो हाईकोर्ट जाएं. बता दें कि बुधवार को वाराणसी अदालत ने तहखाने में पूजा-पाठ करने की इजाजत दे दी थी. इसके बाद विवाद गहराया. ज्ञानवापी मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने वाराणसी अदालत के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. इस पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आज संज्ञान लिया. हालांकि उन्होंने मस्जिद इंतजामिया कमेटी को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पास जाने को कहा है. इसका मतलब ये है कि फिलहाल देश की सबसे बड़ी अदालत वाराणसी कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने नहीं जा रही.

ज्ञानवापी मस्जिद की कानूनी टीम जिसमें वकील फुजैल अय्यूबी, निज़ाम पाशा और आकांशा शामिल थे. उन्होंने आज सुबह 3 बजे सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया. मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट से वाराणसी



कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया, ताकि मुस्लिम पक्ष कानूनी उपाय तलाश सके. आज सुबह तीन बजे ही मुस्लिम पक्ष ने रजिस्ट्रार से करीब एक घंटे तक बातचीत की. सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने सुबह भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के सामने दस्तावेज रखे. कागजात देखने के बाद सीजेआई ने मुस्लिम पक्ष को किसी भी तरह की राहत देने से फिलहाल इंकार किया है. इस मामले में सुनावाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने जाने को कहा है. मुमकिन है कि अब मस्जिद इंतजामिया कमेटी इस फैसले पर रोक के लिए हाईकोर्ट जाएं.

## महासमुंद में मिले 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट

**महासमुंद,1 फरवरी।** महासमुंद जिले में भारी मात्रा में नकली नोट पुलिस ने बरामद किया है. सरायपाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. नकली नोटों के लाखों के जखीरा के साथ एक आरोपी को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने तीन करोड़ 80 लाख का नकली नोट बरामद किया है। मुखबिर के सूचना पर सरायपाली पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाकर नकली नोटों से भरा पिकअप वाहन को जप्त किया. साड़ी के आड़ में छुपाकर तीन करोड़ 80 लाख नकली नोटों को पिकअप वाहन क्रमांक छ्त्र 13 4670 में भरकर सारंगढ़ से रायपुर की ओर ले जाया जा रहा था.. पुलिस ने पिकअप में भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किया है. सभी नकली नोट पांच-पांच सौ के हैं. आरोपी की पहचान अरुण सिदार (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जांच के बाद और भी तथ्य सामने आ सकते हैं. आरोपियों की संख्या और भी बढ़ सकती है. महासमुंद पुलिस अधीक्षक इस मामले में जल्द खुलासा करेंगे. इसको लेकर सरायपाली पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## पोस्ट मास्टर ने किया लाखों का गबन

**गरियाबंद,1 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के बिन्द्रानवागढ़ थाना क्षेत्र के दर्रीपारा पोस्ट आफिस में खाताधारकों से धोखाधड़ी करने का एक बड़ा मामला सामने आया है. पोस्ट मास्टर ने खाताधारकों के जमा राशि से 28.31 लाख रुपये गबन कर बाइक, ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन खरीदा. खातेदार की शिकायत पर पोस्ट ऑफिस के पोस्टमास्टर नरभुराम ध्रुव पिता भुखऊ राम से पुलिस ने पूछताछ किया. जिसमें पता चला की धोखाधड़ी कर पोस्टमास्टर ने अपने लिये विभिन्न संसाधन जुटाया. जिसपर पुलिस ने पोस्टमास्टर के खिलाफ धारा 420 और 409 के तहत अपराध दर्ज किया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. जब मामले पर प्रेमलाल सिन्हा, रेखराम साहू, परमेश्वर सांग सहित अन्य खाताधारकों ने खाते से जमा राशि गायब होने की शिकायत की तो चौकी प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी. जिस पर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देश और एएसपी डीसी पटेल और एसडीओपी बाजीलाल सिंह के मार्गदर्शन पर पूरी कारवाई हुई. पोस्ट ऑफिस दर्रीपारा में अपने खाते से जमापूंजी का बिना उनके आहरण के गायब होने के मामले को लेकर पीड़ित प्रेमलाल, रेखराम, परमेश्वर सहित आधे दर्जन खातेदार कई दिनों तक पोस्ट आफिस का चक्कर लगाया पर वहां से उनको गोलमोल जबाब देकर वापस भेज दिया जाता था. थक हार कर जब पीड़ित खातेदार ने पुलिस से शिकायत की तो मामले में बड़ा खुलासा हुआ.



जांच में पाया गया कि दर्रीपारा के पोस्टमास्टर नरभुराम ध्रुव ने खाताधारकों को धोखे में रखा उनके जमापुंजी का फर्जी आहरण किया. कई बार के रकम उसने खाते में ही जमा नहीं कराया, बल्कि डाक घर की रसीद थमा कर रकम अपनी जेब में डाल लेता था. गबन की रकम से अपने लिये 70 हजार के पेंशन प्रो मोटर साइकिल, 8 लाख 50 हजार के महिन्द्रा ट्रेक्टर और ढ़ाई लाख लागत के थ्रेसर मशीन खरीदी लिये. पुलिस पूछताछ में आरोपी पोस्टमास्टर ने इन बातों को स्वीकार भी कर लिया. जिसके बाद विन्द्रानवागढ चौकी पुलिस ने खाताधारकों से धोखाधड़ी करने वाले पोस्टमास्टर को जेल का रास्ता दिखा दिया. बता दें कि अब तक 28 लाख 31176 के गबन के मामले सामने आए हैं. जबकि ठगे जाने वाले हितग्राहियों की संख्या ज्यादा है. मामले में 50 लाख से ज्यादा ठगी होने की बात कही जा रही है. थाना प्रभारी यदुराज ठाकुर ने कहा की मामले में शिकायत मिलेगी तो आगे भी जांच कर कार्रवाई की जायेगी.

**छत्तीसगढ़ के 2024–25 के बजट में खेल विभाग के लिए पर्याप्त राशि आवश्यक** jasclaudius@gmail.com

## खेल बजट में हो प्रधानमंत्री की सोच की छाया

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने सत्ता में बदलाव पर मुहर लगा दी। 2018 से 2023 तक कांग्रेस कार्यकाल के दौरान जिस तरह खेल और खिलाड़ियों की उपेक्षा की गई वह चिंतनीय है। खेल विभाग को ऐसे संचालक के हाथों सौंप दिया गया था जिन्हें न तो खेल से कोई मतलब था ना ही खिलाड़ियों से। पुलिस विभाग से प्रतिनियुक्ति पर राज्य सेवा के एक ऐसे अधिकारी को संचालक के पद पर अनवरत पांच वर्षों से पदस्थ कर दिया गया जैसे उन्हें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, अभिभावकों, खेलप्रेमियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल स्पर्धाओं के आयोजकों आदि से कोई पुराना बदला लेने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। खेल विभाग में अंदरुनी तौर पर आपस में खींचतान भी जारी था जिसका खामियाजा खेल विभाग के दो पुराने अनुभवी अधिकारियों को भुगतना पड़ा। खेल विकास को बाधित करने वाले और चाटुकारों की सुनवाई ने खेल विभाग के दैनंदिनी कार्यों को प्रभावित किया। उत्कृष्ट खिलाड़ियों से लेकर विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजयी खिलाड़ियों को उचित सम्मान तक के लिए तरसना पड़ा। मुख्यमंत्री स्वयं छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष थे फिर भी 38वें राष्ट्रीय खेल को छत्तीसगढ़ की बजाय उत्तराखंड ले जाने पर उन्होंने उफ तक नहीं किया। छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और अभिभावकों, प्रशिक्षकों के अरमानों पर पानी फेरना का इससे अच्छा उदाहरण कोई मिल नहीं सकता। अपने बच्चों के अरमानों को पूरा करने के लिए और उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए न जाने कितने अभिभावकों के साथ प्रशिक्षकों, खेल के प्रशंसकों ने घर से, अपनी जेब से या फिर दूसरों से उधारी मांगकर काम चलाया ये सब पर्दे के पीछे रहने वाली बातें थी जिसकी सिर्फ भुगतने वाले ही जानते हैं। इतना होते हुए भी 36वें, 37वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश को गौरवान्वित किया। सचमुच वे बधाई के पात्र हैं। इसके विपरित कई खेल संघों ने अपने बलबूते पर न सिर्फ खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया बल्कि उन्हें पोशाक, खेल सामग्री, भोजन, परिवहन सुविधा भी दिये। छत्तीसगढ़ की नई भाजपा सरकार के सामने यह सब चुनौती है। 2024-25 के राज्य बजट में खेल विभाग के लिए जरूरत के अनुसार धनराशि रखा जाना चाहिए। 2018 से 2023 के दौरान राजय सरकार के खेल विभाग में जिस तरह आबंटित राशि खर्च की गई उसकी जांच कराने की जरूरत है। कई स्थानों पर राज्य खेल अकादमी के गठन की घोषणा की गई है उसके औचित्य पर भी प्रश्न उठे हैं। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए जितनी भी घोषणा की गई उसका आकलन करना होगा। 2024-25 के बजट को खेलो इंडिया योजना का विशेष ध्यान रखकर बनाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण में जिस तरह शासकीय नियंत्रण रखा गया है उससे खेल, खिलाड़ी या प्रशिक्षकों का कभी भी भला नहीं हो सकता। 2024-25 के बजट में अगर स्पष्ट रूप से यह उल्लेख होगा कि राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा सपोर्ट स्टाफ को जरूरी व उचित इनाम दिया जायेगा तो छत्तीसगढ़ के खेल हित में यह सबसे ठोस व प्रभावी कदम होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भारत को खेल का विश्वगुरु बनाने की सोच रखते हैं तो छत्तीसगढ़ के सत्ताधारी राजनेताओं को इससे सबक, प्रेरणा लेना होगा तथा इस राज्य के प्रतिभा सम्पन्न खिलाड़ियों की खोज व उन्हें प्रशिक्षित करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा।

## किरेन रिजिजू ने हेमंत सोरेन को बताया 'बिगड़ैल बेटा'

**नई दिल्ली,1 फरवरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी से पहले सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि मैं हार नहीं मानूंगा और समझौता नहीं करूंगा।' हेमंत सोरेन के इस पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। उन्होंने हेमंत सोरेन को बिगड़ा हुआ बेटा बताया और लिखा कि आदिवासी होने के नाते उन्हें जनता का पैसा लूटने का अधिकार नहीं मिल जाता। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में किरेन रिजिजू ने लिखा कि मैं भी एक आदिवासी हूं और कहीं ज्यादा पिछड़े आदिवासी इलाके से आता हूं। मुझे आपके बयान पर हंसी आती है। अगर शिबु सोरेन जी ये बात करते तो मैं इसे मान लेता, लेकिन ये बातें आप पर नहीं जंचती। खैर, आदिवासी होने से जनता का पैसा लूटने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। इससे पहले हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि यह एक अंतराल है, जीवन एक संघर्ष है। मैं हर पल लड़ूंगा और लड़ता रहूंगा, लेकिन चाहे हार मिले या जीत मैं समझौता नहीं करूंगा। मैं हार स्वीकार नहीं करूंगा। जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे हेमंत सोरेन के आधिकारिक आवास पहुंची थी। ईडी ने कई घंटे हेमंत सोरेन से पूछताछ की। कई घंटे की पूछताछ के बाद बुधवार रात को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से पहले बुधवार रात में हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया है।

## छग कांग्रेस में मचने वाली है भगदड़: रामविचार नेताम

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर,1 फरवरी। प्रदेश में धान खरीदी पर सियासत जारी है. इस बीच मंत्री रामविचार नेताम का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि, बीजेपी सरकार किसानों की सरकार है. किसानों के हित के लिए जो करना होगा करेंगे. प्रति एकड़ 31 सौ का वादा था, उसे पूरा किया है. किसानों के उपज का धान हम ले रहे हैं. किसानों को भुगतान करने का निर्णय ले लिया है, जल्द राशि किसानों को पहुंचा देंगे. मंत्री नेताम ने यह भी कहा कि छग कांग्रेस में भगदड़ मचने वाली है. भाजपा में शामिल होने लोगों की लाइन लगी है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर मंत्री नेताम ने तंज कसते हुए कहा, चोरी और सीनाजोरी हमारी सरकार में नहीं चलेगा. जो भी भ्रष्टाचारी है वह पकड़ में आएंगे. कोयला, डीएमएफ के घोटाले का सच अब बाहर आ रहा है. पब्लिक डोमेन में सभी बातें हैं, उच्च स्तर तक जांच हुई है. अब ईडी के दायरे में आएंगे तो जांच होगी ही. आज जांच हो रही है और पोल खुल रही है. उन्होंने कहा कि, छग में सामूहिक लूट हुई है. सरकार से जुड़े हुए लोग और उनके नेता के संपर्क व निकट के अधिकारी अब छटपटाएंगे ही. सब दूध का दूध पानी का पानी होने लगा है. जनता जानती है कि पूर्व सरकार ने छग के विकास के लिए कोई काम नहीं किया. भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए मंत्री नेताम ने कहा कि, यात्रा उनका चलते रहता है. यात्रा में भगदड़ मची है. कांग्रेस में भी भगदड़ मचने वाली है. लोगों की लाइन लगी है बीजेपी में शामिल होने के लिए.



## एक नजर

### मैत्री बाग में 4 को फ्लावर शो, व्यापक तैयारियां का जा रहीं

**भिलाई,1 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा फ्लावर शो-2024 का आयोजन आगामी 4 फरवरी रविवार को मैत्री बाग में प्रातः 9 बजे से किया गया है। इस फ्लावर शो के लिये वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। फ्लावर शो में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन संध्या 4 बजे किया जाएगा। फ्लावर शो के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में प्रकृति और पर्यावरण प्रेमी नागरिक भाग ले सकते है। विभिन्न वर्गों और प्रकार के पुष्प, सब्जी, फ्लावर डेकोरेशन, रंगोली, बुके, गार्डन आदि में इस्पात नगरी के नागरिक भाग ले सकते है। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी एवं प्रवेश फार्म के लिए मैत्री बाग में संबंधित सदस्यों से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़ एवं मौसमी पौधों सेवंती, डहेलिया, गुलाब और इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन, औषधीय पौधों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया जायेगा। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता जैसे पुष्प-सज्जा, रंगोली, गुलदस्ता (बुके), फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सब्जियों एवं फलों से तैयार सलाद का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### छात्रा ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 1 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मामला प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आ रहा है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि शिवाजी चौक रामनगर निवासी मिनाक्षी सपहा (18 वर्ष) ने आज अपने घर के कमरे में चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पुलि मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को मरच्युरी भेजा बताया जाता है कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

### खाना बनाते समय लगी आग, पुलिस ने बुझाई



**भिलाई, 1 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र संगम चौक न्यू खुर्सीपार में अशोक झा नामक व्यक्ति के घर बुधवार की दोपहर 12 बजे खाना बनाते समय गैस सिलेंडर पर आग लग जाने से घर के किचन में आग लग गई सूचना पर खुर्सीपार थाना के पुलिस आरक्षक तेज प्रकाश साहू, आरक्षक चंद्रभान चौहान, आरक्षक हेमंत साहू ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### आत्महत्या की कोशिश पुलिस ने बचाई जान



**भिलाई, 1 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र एक युवती तालाब में कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवती की जान बचाई स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर तालाब बालाजी नगर निवासी 21 वर्षीय युवती आत्महत्या करने कूद गई थी सूचना खुसीपार थाना को मिलते ही पेट्रोलिंग में तैनात आरक्षक तेज प्रकाश साहू एवं आरक्षक चंद्रभान चौहान द्वारा त्वरित रिस्पांस देते हुए तालाब में कूदी युवती को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल गया उक्त युवती को बचाकर उनके परिजनों को सुपुर्द की है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत् नारी चौपाल का आयोजन

**धमतरी 1 फरवरी।** जिले में महिलाओं को उनके अधिकारों से रू-ब-रू कराने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत् नारी चौपाल का आयोजन स्थानीय लाईवलीहुड कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा ने योजना के उद्देश्य, आवश्यकता, क्रियान्वयन, एजेंसी विभागीय अभिसरण के माध्यम से योजना के क्रियान्वयन और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. सरला द्विवेदी ने महिला एवं पुरूष के लिंग, गृहणी महिलाओं, सामाजिकरण, संस्कृति में अंतर, शिक्षा, मानसिकता में परिवर्तन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव के आधार पर विस्तृत प्रकाश डाला।कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तोमेश श्रीमाली द्वारा पीसीपीएनडीटी धारा 1994 के विषय में जानकारी दी गयी। उन्होंने गर्भपात के बारे में महिलाओं के अधिकार पर तकनीकी जानकारियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि गर्भपात महिला का अधिकार है, धारा में लिंग चयन का अधिकार नहीं होता है, यह प्रतिशेष है। गर्भधारण के पूर्व भी लिंग चयन किया जाता है, इसे भी प्रतिशेष किया गया है। सोनोग्राफी के माध्यम से तकनीकी विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इसमें दण्ड का प्रावधान है। दोषी को 3 से 10 वर्ष का कारवास और 50 हजार रूपये का जुर्माना प्रावधान है। वहीं न्यायाधीश सुश्री प्रज्ञा अग्रवाल ने बेटीयों को दिये गये कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।

# पं.धीरेन्द्र शास्त्री आगमन से साक्षात बागेश्वर बालाजी का आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ:भावना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 फरवरी।** मंगलवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निज जिवास ग्राम रणवीरपुर में आगमन हुआ। इस दौरान ग्रामवासियों व भक्तों ने पूरे उत्साह व उल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत किया और हजारों की संख्या में उपस्थितजनों ने श्रीराम के जयकारा के साथ कथा श्रवण किया।इस दौरना पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सनातन धर्म व उसकी गौरवशाली संस्कृति के प्रसार हेतु किये जा रहे कार्य सराहनीय है। 2025 में उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा में भक्तजनों की प्रभु श्रीराम और भक्त हनुमान जी के प्रति आस्था को देखते हुए श्री हनुमंत कथा का आयोजन करने की इच्छा जाहिर की है जो जरुर पूरी होगी और आप सभी के बीच मुझे पुनः आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। इसके साथ ही अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के भव्य-नव्य-दिव्य मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा से रामयुग की शुरुआत हुई है। आज भारत अखंडता और एकता की ओर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है, यहां कण-कण में प्रभु राम बसे हैं। उन्होंने कहा कि भावना बोहरा जमीन से जुडी हुई नेता हैं,जनता की सेवा के लिए उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यों से आज कई परिवारों को सहयता मिली है, बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है और क्षेत्र की माताएं-बहनें शसक्त बन रही हैं।पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह हम सभी के लिए परम सौभाग्य और गौरव की बात है कि सनातन धर्म और हिन्दू एकता के ध्वज वाहक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का आगमन हमारे ग्राम रणवीरपुर में हुआ है। उनके श्रीमुख व आशीर्वचन हमारे लिए प्रेरणापुंज है। हिन्दू एकता एवं भारत की सनातनत संस्कृति को पूरे विश्व में प्रसारित करने हेतु उनका योगदान अतुलनीय है। आज उनके आगमन से रणवीरपुर की पुण्य भूमि धन्य हो गई है और साक्षात् बागेश्वर बालाजी का आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ है। उनके आगमन को लेकर हम सभी का उत्साह बयान करना मुश्किल है। ग्राम रणवीरपुर में भी उनके आगमन को लेकर सभी ओर हर्ष व उत्सव का माहौल रहा और पूरा कबीरधाम जिला भक्तिमय है। भावना बोहरा ने कहा कि हम धन्य है कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का पावन आगमन एवं दर्शन करने का हम सभी को सौभाग्य मिला। उनके आशीर्वचन हमें सदैव धर्म एवं कर्तव्यपथ में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उन्होंने धर्मप्रेमियों और भक्तजनों का सतत मार्गदर्शन करते हुए सनातन धर्म की महिमा के बारे में जो उपदेश दिए हैं उन्हें हम सभी जरुर अपने जीवन में समाहित करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा एवं उसके प्रसार के प्रति हम सभी को जागृत होना होगा। सबको साथ मिलकर सनातन धर्म एवं संत परंपरा के गौरवशाली इतिहास से पूरे विश्व एवं हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करने के लिए प्रयास करना होगा। मैं सभी से आग्रह करती हूँ कि उनके इस आह्वान में हम सभी को एकजुट होकर सार्थक प्रयास करना होगा। हमारे आने वाली पीढ़ियों को भी सनातन धर्म की महिमा के प्रति जागृत करना होगा जिससे हमारी एकता व अखंडता बनी रहे। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के मार्गदर्शन से हम सभी के मन में एक नया उत्साह व उर्जा का सकारात्मक संचार हुआ है।



### छत्तीसगढ़ योग आयोग मास्टर ट्रेनर ने गुलदस्ता भेंटकर कलेक्टर ऋचा से सौजन्य मुलाकात की

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ योग आयोग मास्टर ट्रेनर प्राची भट्टाचार्य ने गुलदस्ता भेंटकर कलेक्टर सुश्री ऋचा चौधरी से सौजन्य मुलाकात की ।

### बैंक लोन न पटाने वाले ऋणी के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई



**भिलाई,1 फरवरी।** कलेक्टर के आदेश के बाद तहसीलदार द्वारा टीम गठित करने के बाद जब्ती की कार्रवाई की गई। इसमें मेसर्स कुडोस फैब्रिकेशन के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लिया गया था जिसे नहीं पटाने की स्थिति में कलेक्टर द्वारा जब्ती का आदेश पारित किया गया था। इस पूरी कार्रवाई में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव, सिद्धत दुबे, पटवारी, माल जमादार एवं बलौदा बाजार थाने से महिला एवं पुरुष बाल, बैंक ऑफ बड़ौदा से शाखा प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी उपस्थित थे। जब अमला जब्ती कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो ऋणी द्वारा अंदर से गेट बंद कर दिया गया था। काफी में शकत के बाद गेट खुलवाया गया एवं सील बंद करने की कार्रवाई की गई। इस पूरी कारवाही में अतिरिक्त महिला बल की मांग की गई। अन्ततः पूरे परिसर को तालाबंद कर सील किया गया।

### कब्जा हटाने पहुंची निगम की टीम तो कब्जाधारियों ने मांगा दो दिन का समय

**दुर्ग ।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जीई रोड किनारे चर्च के बाजू व राजेन्द्र पार्क के निकट लगे जूता-चप्पल दुकान एवं गर्म कपड़े की दुकान को हटाने आज बुधवार को नगर निगम बाजार विभाग व अतिक्रमण टीम के अधिकारियों द्वाराअवैध कब्जे हटाने नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। अवैध कब्जों पर जैसे ही नगर निगम ने कार्रवाही शुरू की। कब्जाधारियों ने निगम अधिकारियों से स्वयं कब्जे हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा।नवाब तहसीलदार ढालसिंग बिसेन,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गश गुप्ता व बाजार अधिकारी चंदन मनहरे ने उन्हें दो दिन का अल्टीमेटम दिया।साथ ही चेतावनी दी कि यदि उन्होंने स्वयं अवैध कब्जे नहीं हटाए तो निगम की टीम द्वारा अवैध कब्जों को हटाकर सामानों की जप्ती की जावेगी। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कब्जों पर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि दो दिन में यदि उन्होंने स्वयं अवैध कब्जे नहीं हटाए तो तीसरे दिन निगम की टीम इन अवैध कब्जों का ध्वस्त कर देगी।उन्होंने कहा जगह पर कब्जा करने वाले दुकानदारों को अवैध कब्जे हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। लेकिन कब्जाधारियों को नोटिस का असर नही हुआ।और कब्जे नहीं हटाए। जिसके बाद निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची।

# निरंजन पीठीधीश्वर आचार्य प्रज्ञानानंद सरस्वती 5 फरवरी तक करेंगे कथा

## मानिकचौरी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 फरवरी।** पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा डॉ़ सियाराम साहू के पैतृक ग्राम मानिकचौरी में गत 29 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज द्वारा 29 जनवरी से 5 फरवरी तक श्रोताओं को भागवत कथा का श्रवणपान कराएंगे। इस संबंध में आयोजक विरेन्द्र साहू ने जानकारी ने बताया कि ग्राम मानिकचौरी में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ 29 जनवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। जिसमें कथा व्यास के रूप में निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज उपस्थित हैं वहीं यजमान के रूप में डॉ़ सियाराम श्रीमती देवकी साहू उपस्थित है। श्री साहू ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार व्यासपीठ द्वारा 29 जनवरी को कथा महात्म, 30 जनवरी को कुन्ती स्तुति, परिक्षित जन्म, 31 जनवरी को किपल






देवहुति, उपाख्यान की कथा सुनाई गई। दोपहर 1.30 बजे से हरिइच्छा तक आयोजित इस भागवत कथा को सुनने प्रतिदिन ग्राम मानिकचौरी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रोता आयोजन स्थल में पहुंच रहे हैं। श्री साहू ने बताया कि इसी कड़ी में 1 फरवरी को अजामिल चरित्र, भरत चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, 2 फरवरी को बाल लीला एवं गोवर्धन लीला, 3 फरवरी को कंश उद्धार, 4 फरवरी को रूखमणि विवाह, 5 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं परिक्षित मोक्ष तथा 6 फरवरी को श्री गीता पाठ, श्री गोपाल अर्चना की कथा सुनाई गई। श्री साहू ने बताया कि इस पूरे आयोजन के दौरा प्रतिदिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिदिन प्रातः काम में योगाचार्य द्वारा योग प्रशिक्षत का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होने ग्राम मानिकचौरी तथा क्षेत्रवासियों से अिधक से अिधक संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

# आईएएस प्रशिक्षणार्थियों के तृतीय समूह ने भिलाई इस्पात संयंत्र का किया भ्रमण

भिलाई,1 फरवरी। आईएएस प्रशिक्षणार्थियों के 13 सदस्यीय तृतीय समूह ने बुधवार को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण कर इस्पात निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की अध्यक्षता में आर्योजित एक प्रस्तुतीकरण बैठक में आईएएस प्रशिक्षु शामिल हुए। इस बैठक में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रस्तुतीकरण के पश्चात आईएएस प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संयंत्र की



उत्पादन प्रक्रिया पर जिज्ञासा व्यक्त की गई। जिसका उत्तर संयंत्र प्रबंधन की ओर से निदेषक प्रभारी ने दिया। इस अवसर पर आईएएस प्रषिक्षणार्थियों द्वारा संयंत्र के निदेशक प्रभारी को एक प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। संयंत्र भ्रमण के प्रारंभ में आईएएस प्रशिक्षणार्थियों का दल संयंत्र परिसर में स्थित सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर पहुंचा, जहां उन्हें संयंत्र में सुरक्षा से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात उन्होंने कोक ओवन बैटरी-11 का अवलोकन किया और ब्लास्ट फर्नेस-7 में हॉट मेटल उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्टील मेल्टिंग शॉप-2, बार रॉड मिल तथा यूनिवर्सल रेल मिल का भी निरीक्षण किया। इसी कड़ी में मध्यान्ह भोज के बाद सेक्टर-6 स्थित अक्षय पात्र का अवलोकन किया और अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे रायपुर के लिए रवाना हो गए।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 रविवार 11 फरवरी 2024 को जिले के निर्धारित 17 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनरल स्टडी का पर्चा होगा एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक एप्टीट्यूट टेस्ट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पीएससी में जिले से 4283 परीक्षार्थी शामिल होंगे।कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू/निर्विघ्न रूप से संचालन हेतु संपूर्ण परीक्षा अवधि के लिए नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यायल मचेवा के सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र डॉ. ई.पी. चेलक एवं श्री सहायक प्राध्यापक वाणिज्य अजय कुमार राजा को सहायक परीक्षा प्रभारी अधिकारी (सहायक नोडल अधिकारी) नियुक्त किया है।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी कर्मचारियों को विदाई



**भिलाई,1 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जनवरी 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में जनवरी 2024 माह में कुल 74 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 6 कार्यपालक, 68 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के सदस्य भी शामिल हैं। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सुष्मिता डे को भावभीनी विदाई दी। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती सुष्मिता डे ने अपने लंबे कार्यानुभव का जिक्र करते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया और प्रबंधन सहित सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संयंत्र के कार्मिकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन 31 जनवरी को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी तथा श्रमिक संगठन बीएमएस के महामंत्री चन्ना केशवलु द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जनवरी 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# हेलमेट के प्रति चलाया जागरुकता अभियान

**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई हेलमेट के प्रति लगातार जागरुकता अभियान और फिर दी गई अंतिम चेतावनी की अनदेखी करना आज दुपहिया वाहन चालकों को भारी पड़ गया। बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों पर आज पुलिस की सख्ती देखने को मिली। पुलिस ने फोरलेन सड़क और टाउनशिप के सेन्ट्रल एवेन्यू में विशेष अभियान चलाकर दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट गुजरने वालों को रोका और जुर्माना लगाया। इस दौरान पकड़े गए दुपहिया वाहन चालकों के बचाव में शिफारिश को मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी और जवानों ने नजरंदाज कर दिया दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज से दुर्ग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग और भिलाई टाउनशिप के सेन्ट्रल एवेन्यू में बिना हेलमेट पर विशेष अभियान चलाया गया सुबह 10 बजे से ही चिन्हित जगहों पर पुलिस की टीम तैनात हो गई थी। इनके द्वारा सड़क पर बिना हेलमेट और तीन सवारी दुपहिया वाहन चलाते हुए गुजरने वालों को रोककर चालानी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों से 500 रुपए का जुर्माना वसूल कर चेतावनी दी गई। दुपहिया वाहन में तीन सवारी होने पर भी 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया गौरतलब रहे कि पिछ्ले दिनों कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी राम गोपाल गर्ग की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों की बैठक में बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय से पुलिस प्रशासन ने लोगों को अखबार व सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराते हुए 1 फरवरी से विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई करने की




चेतावनी दी थी। इससे पहले भी यातायात सप्ताह मनाते हुए दुर्ग पुलिस ने दुपहिया वाहन चालकों को अपने जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट अपनाने के प्रति जागरुक किया था। बावजूद इसके आज बहुत से दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के सड़क पर नजर आए ?हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ में आए कई दुपहिया वाहन चालक पुलिस के सामने बहानेबाजी दिखाते हुए एक बार माफ करने का आग्रह करते देखे गए। वहीं कुछ वाहन चालक तो पकड़ में आने के बाद बिना चालानी कार्रवाई के जाने देने के लिए मोबाइल पर सिफारिश तक करा रहे थे। लेकिन चेकिंग पाइंट पर तैनात पुलिस के अधिकारी व जवान फोन पर किसी से भी बात करने से इंकार करते हुए चालानी कार्रवाई करते रहे। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले कुछ ऐसे भी नजर आए जो सामने होते चेकिंग को देख पलटकर गलत दिशा में भाग निकलने के बाद अंदरुनी गली व सड़क से होकर गंतव्य तक पहुंचे।ट्रैफिक डीएसपी सतीष ठाकुर ने बताया कि बनाए गए 11 वाहन चेकिंग पाइंट बिना हेलमेट पर विशेष अभियान के लिए पुलिस ने 11 चेकिंग पाइंट बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। फोरलेन सड़क पर नेहरू नगर गुरुद्वारा से कुम्हारी टोल प्लाजा तक 7 तथा टाउनशिप के सेन्ट्रल एवेन्यू में 4 पाइंट बनाया गया। इसमें सुपेला थाना क्षेत्र में गुरुद्वारा से नेहरू नगर चौक के बीच और कोसानाला के पास खुर्सीपार थाना क्षेत्र में आईटीआई के पास, भिलाई-3 थाना क्षेत्र में जनता स्कूल मिडिल कट, सिरसा चौक से पहले बैंक ऑफ बड़ौदा के पास और चरोदा के जीआरपी चौकी के पास तथा कुम्हारी में टोल प्लाजा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी तरह भिलाई टाउनशिप के सेन्ट्रल एवेन्यू पर भिलाई नगर थाना क्षेत्र में सेक्टर 9 से सेक्टर 7 के बीच, सेक्टर 7 से सेक्टर 10 के बीच, सेक्टर 6 पेट्रोल पंप और सेवन मिलीयन चौक से 25 मिलीयन चौक के बीच कुल 4 चेकिंग पाइंट बनाकर कार्रवाई जारी रही।

### छात्र की मौत के मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई, 1 फरवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र एमबीए छात्र के मौत मामले में पुलिस ने युवती समेत तीन



को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि कैम्प-1 एमबीए छात्र निवासी गौरव राय के आत्महत्या मामले में पुलिस ने वीडियो और साक्ष्य के आधार पर दो युवती और मजहर को पकड़ा गया है। उन पर वीडियों में गौरव ने आरोप लगाया था कि इन्हीं तीनों से परेशान होकर मौत को गले लगा रहा हूं उसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए तुरंत जांच पर जुट गई।

### 2 फरवरी को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत

**जगदलपुर।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, उपकरण, विपणन समर्थन एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। योजना के तहत् 18 परंपरागत व्यवसाय जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार लाभन्वित किया जाना है।

### निधन

**उतई, 1 फरवरी।** बजरंग



पारा वार्ड नं 7 धनोरा दुर्ग निवासी श्रीमती केजई बाई साहू 110 वर्ष का निधन हो गया बुधवार को जसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया जो कि श्रीमती पुर्ईन बाई का मां एवं श्री चैतूराम साहू ग्रामीण पटेल के भाभी एवं श्री लक्ष्मण बाबा जी के नानी मां थी जो कि अपने भरा पुरा परिवार छोड़ गए ।

# पिछली सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ गंभीरता से लड़ाई नहीं लड़ी:मुख्यमंत्री



**रायपुर, 1 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को महानदी भवन (मंत्रालय) में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की हाई लेवल बैठक लेकर राज्य में नक्सल उन्मूलन अभियान की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से हमारी सरकार आई है, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत हुई है। नक्सलियों के विरूद्ध हमारे पुलिस जवान मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज हो रहे हैं, लगातार कैम्प स्थापित हो रहे हैं. पिछली सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ गम्भीरता से लड़ाई नहीं लड़ी लेकिन हमारे सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादी-आतंकियों के खात्मे की कार्यवाही की शुरूआत की है । छत्तीसगढ़ से हम न सिर्फ इन्हें खदेड़ेंगे बल्कि इनका नामो निशान मिटा देंगे। यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा कैम्प के आसपास लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। मुख्यमंत्री सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम टेकलगुड़ेम में 30 जनवरी को नक्सल मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने जगदलपुर गए थे वहां से लौटकर शाम को मंत्रालय में अधिकारियों की हाई लेवल बैठक लेकर कड़े शब्दों में कहा कि राज्य से नक्सलियों के खात्में के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, इसके लिए ठोस रणनीति के साथ प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में माओवाद-आतंक के खात्मे के लिए बीते एक डेढ़ माह से संचालित अभियान के चलते नक्सली बौखला गए हैं और इसी के चलते हमारे सुरक्षा बलों के जवानों पर घात लगाकर कायराना हमला कर रहे हैं। नक्सलियों की यह हरकत बेहद घृणित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमे नक्सलियों को हर हाल में मुंहतोड़ जबाव देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फोर्स के लगातार आगे बढ़ते जाने से पहुंचविहीन इलाकों में भी कैम्प लगाने से माओवादी आतंकी बौखला गए हैं। अपने अस्तित्व के बचाव में नक्सली कायराना हमला कर रहे हैं। इस बात को हमें भली-भांति समझना होगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस के आलाअधिकारियों को अपने सूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नक्सलियों के खिलाफ कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रभावित इलाकों में सर्चिंग के दौरान बेहद सर्तक रहने की जरूरत है ताकि हम नक्सलियों के मनसूबों को बेनकाब और उन्हें नेस्तनाबूद कर सकें।

## एक नजर

### आपके आसपास अनैतिक कार्य किया जा रहा है तो पुलिस को सूचना दें:टीआई

**डोंगरगढ़ 1 फरवरी।** धर्मनगरी में हो रहे अवैध दारू, सट्टा, गांजा, जुवां पर डोंगरगढ़ टीआई ने फरमान जनहित में जारी किया है आपके आसपास किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य किया जा रहा है तो पुलिस को सूचना दे अनैतिक बुराईयो को अंत कर नये भारत का उत्थान करें।

### विद्यार्थियों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल,पुलिस ने मालिक को लौटाए जेवर व नगदा



**राजनांदगांव 1 फरवरी।** आज दिनांक 31.01.2024 को गायत्री स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को सोने एवं चांदी के जेवरात किमती करीब 7000 रूपये रास्ते में पड़ा मिला था, जिसे थाना कोतवाली राजनांदगांव से टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्रकार, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, नरेन्द्र प्रजापति को सुपूर्द किया गया। बैंग के उपर महावीर ज्वेलर्स गुड़ाखु लाईन राजनांदगांव लिखा था, संबंधित ज्वेलर्स दुकान से संपर्क कर पूछताछ करने पर उक्त जेवर को ग्राहक ज्योति जैन पति राकेश जैन उम्र 40 वर्ष निवासी कंचनबाग राजनांदगांव द्वारा खरीदना बताया। जिस पर उक्त ग्राहक को बुलाकर सकुशल सौपा गया। प्राथियां को गुम हुए सोने चांदी बैंग सहित मिल जाने से कोतवाली पुलिस की कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ एवं दोनों छात्रों को धन्यवाद दिया गया।

### अवैध गतिविधियों में संलिप्त युवक पर चिचोला पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 1 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अभियान में अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने वालों कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दिनांक- 31.01.2024 को मुखबीर सूचना पर चिचोला चौकी प्रभारी उमेश बघेल द्वारा अपने पुलिस टीम के साथ अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने वाले राजेष यादव पिता बुघारू यादव उम्र 34 वर्ष साकिन चौथना थाना डोंगरगढ को जी.ई.रोड किनारे सकुन ढाबा के सामने ग्राम जनकपुर पुलिस चौकी चिचोला के पास एक सफेद रंग की कागज में अंको के सामने रूपये पैसा का दाव लगा लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से 01 सट्टा-पट्टी, 01 डॉटपेन एवं नगदी रकम 1075/- रू0 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक- 21/2024 धारा- छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम- 2022 की धारा- 6 के तहत कार्यवाही किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर का न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि नंदकुमार फरदिया, प्र0आर0- 913 हेमंत सुर्यवंशी आरक्षक- 1343 आषीष मानिकपुरी का विशेष योगदान रहा।

### मवेशी तस्कर के खिलाफ अपराध दर्ज




**राजनांदगांव 1 फरवरी।** थाना गैंदाटोला ङ्क दिनांक 30.01.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पटेल के नेतृत्व मे आवेदक दिनेश कुमार साहू ग्राम टीपानगढ़ के जबानी रिपोर्ट पर कि दिनांक 31.01.2024 को सुबह प्रार्थी के टहलते समय ग्राम छुरियाडोंगरी की ओर से आ रहे वाहन टाटा पीकप क्रमांक रू1183481 का चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पुर्वक चलाते लाकर प्रार्थी के आटो पार्टस के दुकान को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा वाहन चालक प्रार्थी को देखकर अपने वाहन को छोड़ कर फरार हो गया, वाहन पीकप को देखने पर वाहन मे 07 नग मवेशी को ठुस ठुस कर भरकर, क्रुरता पुर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र , की ओर बुचड़ खाना ले जा रहा था , के रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा 4 ,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11पशु क्रू. अधि. एवम्, 279 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी की पता तलाश की जा रहा है मिलने पर विधिवत कार्यवाही की जायेगी ।

### कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**रायपुर 1 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर की आवासीय कॉलोनियों की त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन ग्रीन अवार्ड-24 के लिए 6 फरवरी तक नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। कॉलोनियों की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था पाए जाने पर कॉलोनी को इस बार क्लीन-ग्रीन अवार्ड से भी नवाज़ा जाएगा। इसके लिए नगर निगम की वेबसाइट -24 विंडो पर उपलब्ध गूगल शीट पर फोटो सहित पूरी जानकारी भरकर देनी होगी और सहायता के लिए मोबाइल नम्बर 83196-67095 पर संपर्क कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी ने पेश की आर्थिक सहायता की अनोखी मिसाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी ने अपने संगठन के साथियों के निधन होने पर एक लाख की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करते हैं,एवं ऐसे साथी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गंभीर बीमारी में ईलाज करवाने में असमर्थ होते है उनको आर्थिक सहयोग राशि देने का सिलसिला 2017 से शुरू हुआ है तब से लेकर आज तक 50 लाख से भी ज्यादा का सहयोग राशि संगठन के माध्यम से जरूरतमंद सदस्यों को दिया जा चुका है। सम्भवतः छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों का यह पहला संगठन होगा जो इतनी बड़ी राशि का सहयोग दे चुकी होगी। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल,सचिव टीकम चंद सिन्हा,कोषाध्यक्ष तोमल साहू,जिला उपाध्यक्ष तीरथराज अटल एवं प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने बताया की एक समय था जब हमारा वेतन बहुत कम थी तब हमको गंभीर बीमारी के ईलाज करवाने के लिए आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता था और समस्या तो तब और विकराल हो जाती थी जब किसी के घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य का निधन हो जाने पर विभाग की ओर से सिर्फ एक्सग्रेसिया राशि 50000 हजार दे दिया जाता था उसके बाद किसी प्रकार का न अनुकम्पा नौकरी और ना ही आर्थिक सहयोग किया जाता था।इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर सन 2017 से हम सबने दिवंगत साथियों के परिजनों को 1-1 लाख रुपये की संवेदना संकल्प राशि एवं गंभीर बीमारी से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को 1-2 लाख रुपये तक का सहयोग संगठन की ओर से दिया जा चुका है।नगरी विकासखंड के सेवाभावी शिक्षक संवेदना संकल्प राशि अभियान के इस पुनीत कार्य में स्वप्रेरणा से शामिल होकर सहयोग राशि प्रदान करते है जिसके बदौलत एक सप्ताह के अंतर्गत 1 लाख इकट्ठा करके दिवंगत शिक्षक साथियों के परिजनों को प्रदान किया जाता है।संवेदना राशि भेंट कार्यक्रम में अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल,सचिव टीकमचंद सिन्हा,कोषाध्यक्ष तोमल साहू,संगठन मंत्री शांतनु साहू,जिला उपाध्यक्ष तीरथ अटलखाम,प्रांतीय आईटी सेल एवं मीडिया प्रभारी कैलाश सोन,सिद्धेश्वर साहू,प्रफुल्ल सिहसार,दिनेश साहू,राजकुमार शील,वेदप्रकाश साहू,मनहरन महमल्ला,मोहित साहू,खम्मन गंजीर,प्रदीप साहू,मिलापराम देवांगन,यशपाल साहू,अक्षय साहू,संतोष नाग,लक्ष्मी नेताम,महेश सोरी,संतराम राजपूत,दिनेश्वर निषाद,रेख राम साहू,संतोष देवांगन,परसू राम सोनकर के उपस्थिति रहे।

## समाचार संक्षेप

### बहुत दिनों से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने पकड़ कर पेश किया न्यायालय में

**डोंगरगांव 1 फरवरी।** दिनांक 30.01.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे न्यायालय से प्राप्त स्थायी वारंट आरोपी जो कि न्यायालय द्वारा जारी पेशी दिनांक मे उपस्थित ना होने से बेवजह प्रकरण लंबित रहा , जिससे प्राप्त स्थायी वारंटी आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था , दौरान पता तलाश के स्थायी वारंटी आरोपी संतोष यादव पिता मुरली यादव , उम्र- 18 साल ,सेवतापारा डोंगरगांव , थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, छ0ग0, को दिनांक 30.01.2024 गिर0 किया गया जिसे राजनांदगांव न्यायालय पेश किया गया है । उक्त गिर0 मे डोंगरगांव पुलिस का कार्य सराहनीय रहा है।



### डोंगरगांव अंचल में अवैध ईंट भट्टों का संचालन-अनेक विभाग सवालों के घेरे में



**डोंगरगांव 1 फरवरी।** अंचल के ग्रामीण इलाकों में प्रशासनिक सुस्ती के चलते बड़ी संख्या में ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं. इन ईंट भट्टों में जहां बड़ी मात्रा में पेड़ों की कटाई कर लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है, वहीं ईंट निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई जहाँ तहां किया जा रहा है। जहां अनेक ग्रामों में पानी की किल्लत सामने आती है, वहीं इन ईंट भट्टों में किसानी के नाम से किये गए बोर से बकायदा पानी की सप्लाई की जा रही है जबकि इन ईंट भट्टों में विघुत सप्लाई के लिए बेतरतीब ढंग से असुरक्षित वायरिंग किया गया है और यह सप्लाई भी किसानों को खेती के लिए दिया गया है. बेंद्रकट्टा के शिवनाथ नदी के तट पर कई सालो से नियम कानून को ताक में रखकर बड़े पैमाने पर ईटो का निर्माण किया जा रहा है संबंधित अमले को जानकारी होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही न होना संदेह के दायरे में आता है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रतनभाट का है, जहाँ बड़ी संख्या में अवैध ईंट भट्टे संचालित की जा रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि कई वर्षों से संचालित इन ईंट भट्टों की जानकारी ग्राम पंचायत के पास भी नहीं है. बता दें कि ग्राम रतनभाट में प्रतिवर्ष पानी की किल्लत होती है और पूरा गांव मात्र एक बोर से पानी लेता है किन्तु समीप के खेतों में अनेक बोर किसानी कार्य के लिए किये गए हैं किन्तु इनका पानी इन भट्टों में काम आता है.विद्युत विभाग व्दारा किसानों के उपयोग के लिए कनेक्शन तो दे दिया गया है किन्तु इस बिजली को किसान बेचकर अपनी जेब भर रहे हैं. मौके पर भट्टा संचालकों से चर्चा के दौरान पता चला कि वे ईंट भट्टा संचालन के लिए प्रत्येक ईंट भट्टे के लिए कुछ ग्रामीणों को सालाना एक बड़ी राशि पहुंचाते हैं जबकि पंचायत प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसारग्राम पंचायत के खाते में अब तक कोई राशि जमा नहीं की गई है और न ही ग्राम पंचायत को सभी संचालित भट्टों की जानकारी ही है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहे राजस्व के कर्मचारी, वन विभाग, खनिज विभाग, ग्राम पंचायत सचिव, विद्युत विभाग के कर्मचारी सहित सभी विभाग के अधिकारियों पर भी अनेक सवाल उठते हैं. समय रहते इन ईंट भट्टों से ग्राम पंचायत को राजस्व क्यों नहीं मिल पा रहा है. बिजली का उपयोग फसल के बजाए ईंट का व्यापार करने के लिए बेचा जा है. ईंटों को पकाने के लिए ठेकेदारों के माध्यम से बेधडक़ जंगल की लकड़ी काटा जा रहा है, जिसमें वन विभाग की ओर से कभी कोई कार्यवाही देखने नहीं मिली है. आखिर इन अवैध ईंट भट्टों के संचालन में सभी विभागों की मौन स्वीकृति क्या इशारा करती है. यह मामला केवल एक ग्राम का नहीं है, ऐसा माजरा नदी, नालों के किनारे अनेक जगह देखा जा सकता है.

### हमाल मड़ाई के बहाने भाग गए किसानों ने खुद तौला धान



**अंवरी 1 फरवरी।** ग्राम अंवरी सोसाइटी में 29 जनवरी को स्वयं किसानों के द्वारा कांटा किया गया। मड़ाई के बहाने मजदूर समिति प्रबंधक को बिना बताए वहां से चले गए। तब किसानों के हंगामा को देखते हुए समिति प्रबंधक हनुमान सिन्हा एवम ठेकेदार के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था पर किसानों ने ही धान तौला। दूसरे दिन भी 30 जनवरी को भी हमालों द्वारा वही व्यवहार किया गया। जिसके चलते दूसरे किसानों ने अपना धान तौलाई किया। इस प्रकार से किसानों को कांटा करने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

# स्वंय के आवास का लाभ लेने आवेदन करने आयुक्त ने की अपील

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 फरवरी।** बेघर एवं कच्चे मकान में निवास करने वाले परिवारों के लिये केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की, योजना का मूल उद्देश्य सम्पूर्ण निकाय क्षेत्र को कच्चे आवासों से मुक्त कराकर उन कच्चे आवासों के स्थान पर पक्का मजबूत छत प्रदान करना है एवं बेघर लोग जो वर्षो से किराये के मकान में निवास करने वाले लोगों को स्वंय का आवास उपलब्ध कराना है। इस उदेदश्य कि पूर्ति हेतु नगर पालिक निगम राजनांदगॉव सतत् कार्यरत है और बेघर लोगों को आवास प्रदान करने कल दिनांक 01 फरवरी 2024 गुरुवार को नगर निगम के टाउन हॉल में आवास मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में वर्षो से अपने स्वयं के घर की बांट देख रहे किराए के घरों में अपना संपूर्ण जीवन बिताने वाले परिवारों को शासन की एक संवेदनशील पहला मोर मकान मोर आस के तहत मात्र लागत मूल्य पर आवास उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किराएदारों को नियम अनुसार पूर्ण एवं अपूर्ण आवास का आवंटन करने की प्रक्रिया जारी है वर्तमान में राजनांदगांव निकाय में कुल 1930 आवासों कि स्वीकृति शासन से प्राप्त है, इन 1930 आवासों में से 1282 आवास पूर्ण है एवं 648 आवास अपूर्ण निर्माणाधीन है। इन सर्व सुविधा युक्त स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण में निर्मित बहुमंजिला आवास को आवास विहीन परिवारों को आवंटित करने हेतु नगर निगम द्वारा कल दिनांक 1 फरवरी आवास मेले का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव सीमा अंतर्गत लखोली, मोहरा, रेवाडीह,पेड्री आदि स्थानों पर एक परिवार के निवास करने हेतु मजबूत और सर्व सुविधायुक्त अच्छे वातावरण में 1 बीएचके के आवास का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन के घटक एचपी के तहत आवासों का निर्माण किया गया है, जिसमें शहर के आवास विहीन परिवार जिनके पास अपना स्वयं का आवास नहीं है ऐसे परिवारों जो 31 अगस्त 2015 के पूर्व से निकाय क्षेत्र के अंतर्गत निवास कर रहे हैं ऐसे निवासरत परिवारों को प्रति आवास निर्धारित दर पर आवास उपलब्ध करवाए जा रहे हैं पूर्ण आवास के लिए एक मुश्त राशि देनी होगी एवं अपूर्ण आवासों के लिए आवास आवंटन के पूर्व 10 प्रतिशत एवं शेष राशि लगातार 10 किस्तों में आवास हेतु निकाय कोर्स में जमा करनी होगी।

# 30 कट्टा धान चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 फरवरी।** थाना घुमका क्षेत्रन्तर्गत ग्राम कुंवारझोरकी मे प्रार्थी महेश कुमार वर्मा के ट्रेक्टर पोर्च मे रखे 30 कट्टा धान कुल 12 क्विंटल कीमती 26,196 रूपये को दिनांक घटना 27.01.24 के रात्रि किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी किये जाने की सूचना पर थाना घूमका मे दिनांक 28.01.24 को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 16/24 धारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।. चोरी के घटना मे मुख्य रूप से शामिल 16 वर्षीय नाबालिक से पूछताछ करने पर बालक ने बताया कि अपने साथी गुलाब सिंह पाव जो की कपास बाड़ी भटगांव मे काम करता है एवं 02 नाबालिक साथियो के साथ ग्राम कुंवारझोड़की प्रार्थी मे ट्रैक्टर पोर्च मे जाकर दिनांक घटना 27.01.24 के रात्रि ट्रेक्टर ट्राली मे रखे हुए 30 कट्टा धान जुट बोरी मे भरा हुआ जिसे चोरी करके बारी बारी मोटर साइकल मे रखकर कलेवा तालाब के नीचे नाली मे छीपाकर रखे थे जिसे दूसरे दिन दिनांक 28.01.24 को ट्रैक्टर ट्राली लाकर चोरी किये गए धान को लोड कर रहे थे उसी समय गांव वालों ने पकड़कर पुलिस को सूचना दिया था।



# खुज्जी ग्राम में लगा राजस्व विभाग का शिविर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 1 फरवरी।** जिला राजनांदगांव कलेक्टर के निर्देशानुसार डोंगरगांव तहसील के ग्राम खुज्जी में गत दिनांक 30 जनवरी को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नक्शा बाटांकन के 2 आवेदन प्राप्त हुए जो लंबित है,साथ ही आय जाति निवास हेतु 2 मामलों को शिविर में ही निराकृत किया गया इसके अलावा बटवारा बाटांकन के जो क्रय विक्रय में प्रतिबंधित है के 11 मामले को शिविर में ही निराकृत किया गया।उक्त शिविर में पंचायत एवम ग्रामीण विकास,कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग,जल संसाधन,लोक स्वास्थ यांत्रिकी,शिक्षा, पशु चिकित्सा,खाद्य विभाग एवम लोक निर्माण विभाग के स्टाल लगाकर संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जानकारी देते हुए लोगो को बताया गया की 10 फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक फाइलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन( स्ब्ठ) अभियान चलेगा जिसके तहत 10 से 15 फरवरी आंगनबाड़ी,स्कूल,कॉलेज तथा 16से 24 फरवरी तक विभाग के द्वारा घर घर भ्रमण कर दवाई खिलाया जायेगा एवम 26 से 28 फरवरी तक माप अप किया जायेगा। विभागीय जानकारी देते हुए शिविर में उपस्थित लोगो को बताया गया की 2 वर्ष से कम एवम गर्भवती माता,अति गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवाई नही खानी है।शिविर में राजस्व विभाग के द्वारा क्ष्क्ष का पठन किया गया।शिविर में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार जेपी खुटे,राजस्व निरीक्षक माधवेंद्र कुर्रे,खुज्जी हल्का पटवारी त्रिवेणी सिन्हा के अलावा उपस्थित ग्राम कोटवार,एवम समस्त विभाग ने अपनी सेवाएं दी।

## दो माह का वेतन तत्काल व बाकी 15 दिनों में भुगतान की शर्त पर

# सफ़ाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 1 फरवरी।** नगर पालिका कर्मचारियों का 4 माह का वेतन रुकने से हो रही आर्थिक परेशानी के कारण नपा परिषद डोंगरगढ़ के नियमित व अनियमित सफाई कमचारियो ने अपने रुके हुए वेतन व हो रही आर्थिक परेशानियों का हवाला देते हुए शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए धरना स्थल पर सामूहिक रूप से मौन प्रदर्शन किया जा रहा था कि दूसरे दिन ही सफाई कर्मचारियों ने दो माह का वेतन मिलने व बाकी 15 दिन में मिल जाने के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर सीएमओ कुलदीप झा ने मीडिया के समक्ष बताया कि प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियो को 01 माह का व नियमित कर्मचारियो को दो माह का वेतन दिया जायेगा व बाकी का वेतन 15 फरवरी तक करवाने का प्रयास करूँगा।

**विधायक व पूर्व नपाध्यक्ष ने दिया समर्थन :** सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन व उनके परिवार में हो रही आर्थिक परेशानियों के कारण डोंगरगढ़ इतिहास में पहली बार धरना प्रदर्शन की समस्या को सुलझाने के लिए राजनेताओ की भूमिका अहम रही जिसमें डोंगरगढ़ विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल व पूर्व नपाध्यक्ष तरुण हत्थेल ने समस्या से अवगत कराते हुए अपने स्तर पर उपर तक पहुँचाया व हड़ताल समाप्त कराने में योगदान दिया।

**सफाईकर्मियों ने किया आभार व्यक्त:** डोंगरगढ़ सफाई यूनियन ट्रेड के सदस्य सहित नपा के नियमित व अनियमित सफाई कर्मचारियों ने राजनेताओ सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी साथियों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा है कि वेतन विसंगति की लड़ाई में साथ देने वाले सभी को आभार व धन्यवाद।

इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष तरुण हत्थेल, सीएमओ कुलदीप झा सहित यूनियन के अध्यक्ष नरेश करसे, संजीव बक्सरे शुभम परिहार मनोज कुमार, विनोद करसे, संजय हत्थेल रेशमा, प्रकाश, विक्रम, कृष्णा, सुखदेव, राजीव गुप्ता, रामखिलावन, सीमा, माया बाई, चतुर, राजेभ सिन्हा, राजश्री, सुरेश रगडे, अनिता बाई वर्मा, देवीचंद निषाद, गणेश, शेखर, मनोज कुमार, प्रकाश, महेंद्र करसे, घनश्याम, प्रीतम समुंद्रे, गोविंद, माखन, रामरतन, महेंद्र पांडे, सुमित, सुरेश, सुनील उपस्थित थे।

## संपादकीय

# यह नक्सली हमला अस्तित्व बचाने के लिए

बस्तर में नक्सली समस्या कई दशक से हैं। इसका कोई समाधान अब तक तो नहीं हो सका है। इस समस्या के समाधान के दो ही उपाय है, एक है बातचीत करके। दूसरा है नक्सलियों का बस्तर से सफाया करके। जो भी सरकार आती है वह दोनों उपाय को अमल में लाती है। नकस्ली उन्मूलन अभियान के जरिए नक्सलियों को आत्मसमर्पण का मौका दिया जाता है जो आत्मसमर्पण करते हैं, उनका पुनर्वास किया जाता है जो आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, उनका सफाया करने निरंतर अभियान चलाया जाता है। बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों के सफाया व उनके प्रभाव क्षेत्र में उनका आतंक समाप्त करने के लिए निरंतर कैंप खोले जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निरंतर कैंप खोले जाने से नक्सलियों को अपनी गतिविधि निर्बाध रूप से चलाने में दिक्कत होती है, इसलिए वह अपने प्रभाव क्षेत्र में कैंप खोले जाने के पुरजोर विरोध करते हैं। यह विरोध वह दो तरह से करते है, एक क्षेत्र के ग्रामीणों को कैंप खोलने का विरोध करने मजबूर करते हैं। इससे ऐसा लगता जरूर है कि ग्रामीण कैंप खोले जाने के विरोध में है। लेकिन हकीकत में विरोध के पीछे नकस्ली ही होते हैं। कुछ बरस पहले तक जब नक्सली आतंक क्षेत्र में चरम पर था तो नक्सली ग्रामीणों को डरा कर कैंप के विरोध में आगे कर देते थे, लेकिन पिछले कुछ बरस से सरकार ने बस्तर में कैंपों की संख्या बढ़ा दी है। हर साल कैंप की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे नक्सलियों का प्रभाव क्षेत्र कम होता जा रहा है, इससे उनका लोगों पर आतंक कम होता जा रहा है। कैंप खुलने से ग्रामीणों को भी लगता है कि नक्सली अब पहले की तरह सक्रिय नहीं हैं। उनके गांव तक नहीं आ रहे हैं। कैंप खोलने का ग्रामीणों का विरोध कारगरनहीं होने पर अब नक्सलियों को खुद कैंप के खोलने के विरोध में सामने मैदान में आना पड़ रहा है। उनके लिए विरोध स्वरूप हमला जरूरी हो गया है क्योंकि अब उनके अस्तित्व का सवाल पैदा हो गया है। सुरक्षा बलों का कैंप नक्सलियों के सबसे सुरक्षित इलाकों में स्थापित किए जा रहे हैं, इससे नक्सलियों की घेराबंदी सख्त होती जा रही है। सिलगेर उनका सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता था, यहां कैंप खुलने के बाद टेकलगुडा इसके आगे का इलाका था। यहां भी कैंप खुलने से नक्सलियों के लिए विरोध स्वरूप हमला करना जरूरी हो गया था। उन्होने टेकलगुड़म में कैंप की स्थापना की कोशिशों का नाकाम करने के लिए जवानों पर घात लगाकर हमला किया। यह हमला अचानक किया गया, इसके लिए जवाल तैयार नहीं थे, इसलिए तीन जवानों की मौत हो गई है और 15 जवान घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में 6 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया गया है। यह डरे हुए नक्सलियों का हमला है। कहावत है कि जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरह भागता है। इसी तरह जब नकस्लयिों की मौत आती है तो वह सुरक्षा बलों पर हमला करते हैं, कैंप पर हमला करते है। वह सोचते हैं कि इस तरह के हमले से उनका आतंक क्षेत्र में बढ़ेगा, सरकार व सुरक्षा बल पीछे हटने को मजबूर होंगे, सुरक्षा बल के जवान उनके सुरक्षित इलाके में आने से डरेंगे, सरकार कैंप खोलने से डरेगी। सरकार बदलने के साथ ही सीएम साय ने साफ कर दिया था कि नक्सलियों से सख्ती से निपटा जाएगा। अमित शाह ने राज्य के प्रवास के दौरान कहा था कि तीन साल में बस्तर से नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा। यही वजह है कि नक्सलियों के सफाए के लिए 20 दिन में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले इलाकों में चार कैंप खोल दिए गए हैं। टेकलगुड़ भी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है। यह वही इलाका है जहां 2021 में सुरक्षा बलों पर हमला किया था तथा इस हमले में 23 जवान शहीद हुए थे। एक बार फिर इसी इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों पर हमला किया है, शुक्र है कि इस बार ज्यादा जवान नहीं मारे गए हैं। नक्सली अपने आतंक के राज को बचाने के लिए इसी तरह आने वाले दिनों में भी हमले कर सकते है, इसलिए सुरक्षा बलों को नक्सलियों के गढ़ में सावधान रहने की जरूरत है। इसी तरह नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कैंप खुलते गए तो नक्सलियों का सफाया बस्तर से आसान हो जाएगा। नक्सलियों के सफाए के लिए सरकार को हर उपाय आजमाते रहना चाहिए।

# गठबंधन बिखरने का जिम्मेदार कौन?

**राजनीति**

**अजीत द्विवेदी**



भाजपा की तरह तो नहीं लेकिन उससे मिलती जुलती एक साइबर आर्मी कांग्रेस के पास भी है। कांग्रेस के पास भी एक इकोसिस्टम है, जिसमें पारंपरिक रूप से भाजपा और संघ विरोधी लोगों की बड़ी संख्या है। ये सब लोग हर स्थिति में उसी तरह से कांग्रेस के बचाव या समर्थन में उतरते हैं, जैसे भाजपा के इकोसिस्टम के लोग भाजपा का समर्थन और बचाव करते रहते हैं। इन दोनों पार्टियों के मुकाबले अन्य पार्टियों के पास ऐसी कोई साइबर आर्मी या इकोसिस्टम नहीं है। आम आदमी पार्टी को एक अपवाद मान सकते हैं। तभी जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में बिखराव शुरू हुआ तो केंद्रीय पार्टी कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाने की बजाय सबने नीतीश कुमार और ममता बनर्जी को निशाना बनाना शुरू किया। कहीं कहीं आम आदमी पार्टी भी निशाने पर आई तो कहीं कम्युनिस्ट पार्टियों पर हमला हुआ। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्षी गठबंधन नहीं बना या बनने से पहले ही बिखरता दिख रहा है तो उसके लिए प्रादेशिक पार्टियों के नेता ही जिम्मेदार हैं या कांग्रेस की भी कोई जिम्मेदारी बनती है?

बड़ा सवाल यह है कि गठबंधन की केंद्रीय पार्टी के तौर पर क्या कांग्रेस को पहल अपने हाथ में नहीं रखनी चाहिए थी? उसने क्यों गठबंधन की जिम्मेदारी आउटसोर्स की थी? पहले शरद पवार गठबंधन बनाने की कोशिश करते रहे। फिर ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव ने इसका प्रयास किया। अरविंद केजरीवाल ने भी एक समय इसकी कोशिश की और अंत में नीतीश कुमार ने सफल प्रयास किया। नीतीश पिछले साल अप्रैल में इस सिलसिले में पहली बार मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिले थे। तब तक खबर थी कि राहुल के मन में नीतीश को लेकर नाराजगी है क्योंकि 2015 में गठबंधन के साथ लड़ने के बाद वे राजद और कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में चले गए थे। अब भी यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस को नीतीश पर पहले से भरोसा नहीं था। खड़गे ने तो यहां तक कि उनको पहले ही पता चल गया था कि नीतीश गठबंधन छोड़ेंगे। अब सवाल है कि जब पहले ही पता चल गया था या भरोसा नहीं था तो उनको साथ बैठा कर बात करने का क्या मतलब था? नीतीश कुमार जब गठबंधन का प्रस्ताव लेकर दिल्ली पहुंचे थे और खड़गे व राहुल से मिले थे तब दोनों ने उनके प्रयास का समर्थन किया था। कांग्रेस ने न सिर्फ उनके प्रयास का समर्थन किया, बल्कि उनके तय किए गए राजनीतिक एजेंडे को अपनाया था। जाति गणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाना नीतीश कुमार का आइडिया था, जिस पर राहुल गांधी कर्नाटक का विधानसभा चुनाव लड़े। उन्होंने नीतीश के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए प्रेस कांफ्रेंस में पूछना शुरू किया कि इसमें कितने ओबीसी हैं या यह बताना शुरू किया कि देश के 90 सचिवों में सिर्फ तीन सचिव ओबीसी हैं या यह नारा दिया कि 'जितनी आबादी उतना हक'। सोचें, जब नीतीश पर भरोसा नहीं था तब तो उनको गठबंधन बनाने की जिम्मेदारी दी गई, उनके राजनीतिक एजेंडे को चुनावी मुद्दा बनाया गया और उनकी पहल पर पटना में पहली बैठक हुई। इसका मतलब है कि भरोसा नहीं होने वाली बात बाद में जोड़ी गई है।

बड़ी और गठबंधन की केंद्रीय पार्टी होने के नाते यह कांग्रेस की जिम्मेदारी बनती थी कि वह सभी पार्टियों को वैचारिक और राजनीतिक रूप से बांध कर रखे। इसके लिए जरूरी था कि पहली या दूसरी बैठक में ही संगठन का ढांचा बनता, संयोजक व अध्यक्ष नियुक्त किए जाते, न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय होता और सबसे जरूरी सीटों का बंटवारा होता। ध्यान रहे नीतीश कुमार और ममता बनर्जी दोनों ने एक सितंबर को मुंबई में हुई बैठक में सीट बंटवारे पर जोर दिया था और 31 अक्टूबर तक की अघोषित समयसीमा भी तय की गई थी। नीतीश ने बैठक में कहा था कि गठबंधन में सबसे पेचीदा मामला सीट बंटवारे का है इसलिए पहले उसे निपटाया जाए। लेकिन कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस की रणनीति यह थी कि साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक इसे टाला जाए क्योंकि उसमें कांग्रेस को अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। अगर वह तीन राज्यों में सरकार बना लेती तो मोलभाव की क्षमता बढ़ जाती। तब वह ज्यादा मजबूती से सीटों के लिए मोलभाव करती। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कांग्रेस सिर्फ एक राज्य में जीत पाई।

जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे तब कांग्रेस के हाथ पैर फूले और सारे नतीजे आने से पहले ही कांग्रेस ने विपक्षी पार्टियों को बैठक का न्योता भेजना शुरू कर दिया, जिसे सबने ठुकरा दिया। जाहिर है सबने कांग्रेस की होशियारी भांप ली थी। इसलिए बाद में बैठक के लिए 19 दिसंबर की तारीख तय हुई। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ममता बनर्जी ने अकेले लड़ने का मन बना लिया था तो नीतीश कुमार ने गठबंधन बदलने का फैसला कर लिया था। यह सबको पता है कि ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियों के नेता इस उम्मीद में गठबंधन से जुड़े थे कि सब मिल कर लड़ेंगे तो भाजपा की सीटें कम कर देंगे और तब इधर या उधर के गठबंधन में बड़ी भूमिका मिल सकता है। त्रिशंकु लोकसभा की स्थिति में सर्वोच्च पद मिलने की भी उम्मीद कई नेता लगाए हुए थे। लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार ने उनका मनोबल तोड़ दिया। पहले गठबंधन फाइनल करने और सीट बंटवारे में हुई देरी से निराशा था और ऊपर से दिसंबर के पहले हफ्ते में आए चुनाव नतीजे ने नेताओं को और निराश किया। भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद टूटी तो सब अपने अपने रास्ते तलाशने लगे।इसलिए किसी एक नेता या एक पार्टी को जिम्मेदार ठहरा कर उसके ऊपर ठीकरा फोड़ने से किसी को कुछ हासिल नहीं होने वाला है। यह सही है कि नीतीश कुमार का विपक्षी गठबंधन छोड़ कर भाजपा में जाना एक बड़ा झटका है। लेकिन कांग्रेस की भूमिका पर भी चर्चा होनी चाहिए, जिसने पहले दिन से गठबंधन को खुले दिल से नहीं अपनाया था। लेफ्ट पार्टियों की भी भूमिका की समीक्षा होनी चाहिए, जिनको भाजपा को हराने के लिए वैचारिक प्रतिबद्धता व समर्पण सबसे चाहिए लेकिन अपने असर वाले राज्य में किसी से समझौता मंजूर नहीं है और न किसी खास नेता के प्रति अपनी निजी खुन्नस छोड़नी है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन के अंदर रह कर जैसी राजनीति की उस पर भी बात होनी चाहिए। ममता ने बैठक में अचानक खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए क्यों सुझाया और क्यों केजरीवाल ने उसका समर्थन किया, इसकी व्याख्या होगी तब पता चलेगा कि कैसे गठबंधन के अंदर गठबंधन कैसे काम कर रहा था, जिसने एकजुट होकर भाजपा से लड़ने की संभावनाओं को कमजोर किया। सपा के साथ तो कांग्रेस ने कुछ मसला निपटाया है लेकिन शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट का मामला अब भी उलझा है। सो, ऐसा लग रहा है कि भानुपति का कुनबा जोड़ने की कोशिश हुई थी, जिसमें वक्ती तौर पर कामयाबी मिली थी लेकिन वह कामयाबी टिकाऊ साबित नहीं हुई। एकाध नई पार्टियों को छोड़ दें तो कुल मिला कर कांग्रेस के पास वहीं पुरानी यूपीए वाली पार्टियां बची हैं, जिनके साथ मिल कर उसे चुनाव लड़ना होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर आज भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। आपको कार्य स्थल पर सीनियर्स से तारीफ सुनने को मिल सकती हैं, जिससे आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप कोई नयी योजना बनाएंगे। आज का दिन अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा-सा उलझनो भरा हो सकता है। आज व्यर्थ के खर्चों के कारण आपका बैंक बैलेंस कम होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें। आप कार्यस्थल पर मन लगाकर काम करेंगे, अधिकारियों को किसी प्रकार की शिकायत का कोई मौका ना दे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा, जिससे आपका मन बहुत ही प्रसन्न रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में जरूरतमंद लोगों को ऊनि वस्त्र दान कर सकते है। छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। आज आपको अचानक कोई पुराना रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।जिससे आपका मन उत्साहित रहेगा। आज आपको ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी प्राप्त हो सकती है।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। ऑफिस में आपके हार्डवर्क को देखते हुए बॉस आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट कर सकते हैं। जॉब की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, एक दूसरे को उपहार देंगे। प्रॉपर्टी के कागजों को आज संभाल कर सुरक्षित जगह पर रखें।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर है तो आपको आज अधिक फायदा होगा। काम के प्रति भागदौड़ बनी रहेगी, धैर्य के साथ काम को अच्छे तरीके से करें। आज आप फिजूल की बातों पर बहस करने से बचे, बेहतर होगा की आवश्यकता पड़ने पर ही बात करें मन शांत रहेगा। महिलाएं आज अपने कार्यों में बिजी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। ग्राफ़िक डिजाईन के स्टूडेंट्स आज कुछ नया क्रिएटिव करेंगे, साथ ही अपने जूनियर्स को भी सिखायेंगे। आज आप किसी कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए अपने दोस्त के साथ जाएंगे। आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करके नए काम पर भी ध्यान देंगे। बिजनेसमैन को बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी। आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

धनु राशि-आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। इम्पोर्टेन्ट वर्क पूरा करने में ध्यान भटक सकता है, इसलिए अपने काम को कंसन्ट्रेट होकर करें, जिससे आपको जल्द ही सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पढ़ाई में मन लगेगा। किसी अनुभवी की सलाह से आपको धन लाभ मिलेगा। नवविवाहित लोग कही घूमने जाएंगे जिससे उनके रिश्तों में मधुरता आएगी। आप अधिक सफलता पाने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कुछ खास लोगों से आपकी निकटता बनी रहेगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज अपने काम पर फोकस करे, काम सफल होगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों को आज इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। आज आप अपने बच्चों को उपहार देंगे। बच्चों का मन प्रसन्न होगा। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं, तो आपको फायदा होगा। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। अगर आप एक्टिंग का कोर्स कर रहे हैं, तो आपको अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहद ही सुनहरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की तारीफ होगी, आपका लोगों पर इम्प्रेसन अच्छा जमेगा। घर के डेकोरेशन का वर्क करवाने के लिए आप अपने परिवार से सलाह लेकर किसी डेकोरेशन वाले से करवाएंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा उनके साथ आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जायेंगे। आपका माइंड आज फ्रेश रहेगा, स्वास्थ्य भी फिट एंड फाइन रहेगा। दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। नन्हें मेहमान के आने से घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

## (अकेलापन और निर्भरता)

# अकेला हूँ लेकिन काफी हूँ ?

**पुखराज प्राज**

मशहूर तो यूँ सोशल मीडिया पर हर आम और खास रहते हैं।लेकिन सामाजिक परिधि पर गिनती के ही लोग पास रहते हैं। कभी कभी तो ये मसला इतना भी बड़ा हो जाता है कि वास्तविकता के धरातल पर कोई करीबी तक नजर नहीं आता है। हम बात कर रहे हैं, सामाजिक जीवन के इस दौर की जहां वर्चुअल तो रिश्ते लाखों बनते बिगड़ते रहते हैं। लेकिन पृष्ठभूमि पर अक्सर अकेलापन या खालीपन का अहसास आपको अंदर से खोखला करते जाता है। जैसे मेरे अनुभव के अनुसार, कॉलेज और स्कूलिंग के दौर में बहुत सारे मित्रों के बीच रहना होता था, या कहें कि ये गुलजार-ए-महफिल का दौर था जहाँ करीबियों की कमी नहीं थी। लेकिन बतौर पेशेवर के रूप में जीवन का आर्थिक क्षेत्र की आपाधापी और नियमित रूटिन में कार्यालय से घर की दौड़ ने कहीं ना कहीं अकेला बना दिया। हां ये जरूर है कि सोशल मीडिया पर दो-चार पोस्ट पर हजारों की संख्या में लाइक, कमेंट्स और शेयर की बारिश वर्चुअली सुख दे सकता है लेकिन आंतरिक अकेलेपन से लड़ने के लिए यह ना-काफी है। हालांकि सामाजिक जुड़ाव की हमारी जरूरत जन्मजात है, हममें से कई लोग अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। अकेलापन संकट या परेशानी की वह स्थिति है जो तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति सामाजिक जुड़ाव की अपनी इच्छाओं और उसके वास्तविक अनुभवों के बीच अंतर महसूस करता है। यहां तक कि कुछ लोग जो पूरे दिन दूसरों से घिरे रहते हैं - या लंबे समय तक चलने वाली शादी में हैं - फिर भी गहरे और व्यापक अकेलेपन का अनुभव करते हैं। शोध से पता चलता है कि अकेलापन भलाई के साथ-साथ दीर्घकालिक शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। चाहे कोई व्यक्ति अलगाव में रहता हो या नहीं, सामाजिक जुड़ाव की कमी महसूस करना दर्दनाक हो सकता है। अकेलेपन का वर्णन विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है; अकेलेपन का आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला उपाय, यूसीएलए अकेलापन स्केल, व्यक्तियों से विभिन्न भावनाओं या कनेक्शन की कमी के बारे में पूछता है, जिसमें वे कितनी बार शामिल हैं÷ महसूस करें कि उनमें साहचर्य की कमी है। लग रहा है बाहर छोड़ दिया गया है! अपने आस-पास के लोगों के साथ ÷सुर में÷ महसूस करें। मिलनसार और मैत्रीपूर्ण महसूस करें। महसूस करें कि ऐसे लोग हैं जिनसे वे संपर्क कर सकते हैं। उन लोगों के लिए संभावित स्वास्थ्य परिणामों को देखते हुए, जो महसूस करते हैं कि उनके पास कम या कोई सहायक सामाजिक संबंध नहीं हैं, व्यापक अकेलापन एक बड़ी सामाजिक चुनौती है। लेकिन यह व्यक्तिगत स्तर पर भी बढ़ती पहुंच और जुड़ाव की मांग को रेखांकित करता है।

अकेलापन बनाम एकांत, जबकि शोध से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि अकेलापन और अलगाव मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बुरा है, अकेले रहना अकेले होने के समान नहीं है। वास्तव में, एकांत में वास्तव में कई महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जिसमें लोगों को बेहतर ध्यान केंद्रित करने और रिचार्ज करने की अनुमति भी शामिल है। सामाजिक संपर्क चाहने के बावजूद अकेलापन अलगाव की भावनाओं से चिह्नित होता है। इसे अक्सर अन्य लोगों द्वारा अनैच्छिक अलगाव, अस्वीकृति या परित्याग के रूप में माना जाता है। दूसरी ओर, एकांत स्वैच्छिक है। जो लोग अकेले समय बिताने का आनंद लेते हैं, वे सकारात्मक सामाजिक रिश्ते बनाए रखना जारी रखते हैं, जिससे वे संबंध की इच्छा होने पर वापस लौट सकते हैं। वे अभी भी दूसरों के साथ समय बिताते हैं, लेकिन ये बातचीत अकेले समय की अवधि के साथ संतुलित होती है। अकेलापन एक सार्वभौमिक मानवीय भावना है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए जटिल और अद्वितीय दोनों है। चूंकि इसका कोई एक सामान्य कारण नहीं है, इसलिए मन की इस संभावित हानिकारक स्थिति को रोकना और उसका इलाज करना नाटकीय रूप से भिन्न हो सकता है।

## इन उपायों को करने से पाया जा सकता है असहनीय दांत दर्द में आराम

आज के समय में दांत दर्द एक आम समस्या बन गई है। ये कभी-कभी असहनीय हो जाती है। दांतों में अचानक से दर्द होने के कई वजह हो सकती हैं जैसे दांत में कीड़े या दांतों में सड़न, दांतों की सफाई ना रख पाने, कैल्शियम की कमी, बैक्टीरियल इंफेक्शन या फिर दांतों की जड़ों के कमजोर होने से भी होता है। देखा जाता है कि दांतों का यह दर्द उठते ही लोग पेन किलर लेने लग जाते हैं जो कि आपकी सेहत के लिए सही नहीं है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से अचानक होने वाले दांत दर्द में आराम पाया जा सकता है।

**बेकिंग सोडा लगाएं**-बेकिंग सोडा में भी एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। गुनगुने पानी में बेकिंग सोडा डालकर उससे कुल्ला करें। इससे दांत का दर्द कम होता है। इसके अलावा आप गीली रूई में भी थोड़ा सा बेकिंग सोडा छिड़क कर इसे दर्द वाले दांत पर लगा सकते हैं।

**खारे पानी का कुल्ला**-ये दांत दर्द से छुटकारा पाने का सबसे कारगर और आसान तरीका है। आपको बस इतना करना है कि उबलते पानी में नमक डालें, इसे घुलने दें और फिर इस पानी से अपना मुंह कुल्ला करें। ये एक प्राकृतिक कीटाणुनाशक है.

## सर्वेश्वरदास हॉकी

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

# टूटती सांस को ऑक्सीजन दे रही सर्वेश्वरदास हॉकी



यूनान -ओ -मिस्त्र -ओ -रूमा ,सब मिट गए
जहां से ,
अब तक मगर है बाकी, नाम -ओ निशा हमारा

कवि इकबाल की इन ऊर्जावान लाइनों के साथ के साथ महंत राजा सर्वेश्वरदास हॉकी प्रतियोगिता के आयोजकों को साधुवाद देना चाहता हूं । जब-जब दिसंबर के महीने में मेरे अपने शहर में हॉकी का मेला सस्ता है , तब तब मेरा खेल प्रेमी मन कुलांचे भरने लगता है ।मुझे बड़े गर्व का अनुभव होता है जब मैं महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में जुटे शहर के हॉकी प्रेमियों के उत्साह को प्रत्यक्ष देखा हूं । हालांकि वर्तमान में देश भर में हॉकी प्रतियोगिताओं की टूटती सांस से मैं दुखी भी हो जाता हूं , किंतु फिर मेरे अपने शहर की शतक की ओर बढ़ रही हॉकी परंपरा मुझे आशा बंधाने लगती है । कैसी भी परिस्थिति हो जिला प्रशासन और जिला हॉकी संघ के ऊर्जावान लोगों ने हॉकी को जीवित रखा है ! एक वह समय भी था जब इस प्रतियोगिता की शुरुआत म्युनिसिपल स्कूल के चट मैदान में खिलाड़ियों के कुंभ के आयोजन को त्यौहार रूप में प्रदर्शित करती प्रतीत होती थी । तब न खिलाड़ियों के नखरे थे और नहीं दर्शकों की कमी । म्युनिसिपल स्कूल सहित उस मैदान में संचालित शालाओं के कमरों में प्रसन्नता पूर्वक आगंतुक टीमें निवास किया करती थी ! दर्शक तो मानो ऐसे उमड़ा करते थे जैसे वे कुंभ में स्नान कर खुद को तृप्त करना चाहते हो । उस वक्त केवल खेल का उत्साह सराहा जाता था आलोचनाओं के लिए कोई स्थान नहीं था । आज विपरीत परिस्थितियों में कराई जा रही प्रतियोगिता के लिए सदविचारों की कमी है । प्रतियोगिता की कमियां ही लोगों द्वारा गिनाई जा रही हैं ,जो आयोजकों को कहीं न कहीं निराश करती नजर आ रही हैं ! मैं भला आज क्यों हॉकी को लेकर अवसाद भरे विचारों के साथ कुछ लिखना चाह रहा हूं ? मैंने प्रतियोगिता शुरू होने के तीसरे दिन मैदान का नजारा देखा । खिलाड़ियों और उनके साथ आए प्रशिक्षकों के चेहरों को पढ़ा ।कहीं न कहीं पहले वाला उत्साह कमी के साथ दिखाई पड़ा । मैं किसी भी रूप में आयोजन समिति अथवा आयोजकों की आलोचना नहीं करना चाहता हूं , वरन उन लोगों को एक बार मैदान में बुलाना चाहता हूं ,जो बिना वजह निवास से लेकर परिवहन सुविधा के नाम पर दुर्वासा बने हुए हैं ! हम अपने देश से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विश्व कप , ओलंपिक और एशियाई खेलों में प्रतियोगिताओं को देखते आ रहे हैं । यदि हमारी नजरे केवल कर्मियों को तलाशने तैनात की जाएं , तो इन बड़ी प्रतियोगिताओं में भी कमी नजर आ जाएगी , किंतु यदि हम आयोजन को खेल भावना के साथ तौलें तो यह पाते हैं कि कम से कम प्रतियोगिताएं चल तो रही हैं । कहीं ऐसा न हो कि हम खेल प्रतियोगिताओं के लिए तरसने लगें ! महंत सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के संदर्भ में मैं यही कहना चाहता हूं कि यह आयोजन 1941 में शुरू होने के साथ कुछ परेशानियों के चलते कुछ वर्ष नहीं हो पाया । इस वर्ष आयोजन का 80 वां वर्ष है । 1941 से लें तो इसे इस वक्त 84 वें आयोजन से जुड़ना था । 2 वर्ष कोरोना काल और 2 वर्ष कुछ अन्य कारणों से यह नहीं हो पाया ।



महंत राजा सर्वेश्वरदास हॉकी प्रतियोगिता को मैंने भी दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास पर खेला है । अब यह एस्ट्रो टर्फपर खेली जा रही है । क्या यह हमारे लिए गौरवशाली बात नहीं होनी चाहिए ? राजनांदगांव की हॉकी को चट मैदान पर स्वयं अशोक ध्यानचंद सहित अनेक विश्व स्तरीय खिलाड़ियों ने म्युनिसिपल स्कूल मैदान में खेला है । हमारे लिए गर्व का विषय होना चाहिए । मैं हॉकी की तुलना आज के अंग्रेजी क्रिकेट से नहीं करना चाहता , जिसमें रोमांच केवल सट्टे के उद्देश्य से पैदा किया गया है ! हॉकी की आलोचना के साथ महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी को नकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वालों से पूछना चाहता हूं कि क्या आज तक हमने कोई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में पैदा किया है? जहां तक हॉकी की बात करें हम इसमें सफ्ल रहे हैं ! मेरे लिखने का कारण केवल यह है कि अपने राष्ट्रीय खेल के रूप में हॉकी को स्वीकार कर रहे भारतीयों के मन मे तरक्की का विचार जन्म क्यों नही ले रहा है ? क्या हम सरकार से ऐसे नामचीन टूर्नामेंट की आर्थिक सहायता के लिए विद्रोही स्वर ऊंचा नहीं कर सकते ? मैं पुनः क्रिकेट में उलझ गया हूं । मेरे अपने शहर में क्रिकेट की ऐसी ही प्रतियोगिता उंगलियों में गिने जाने वाली टीमों के बीच कुछ वर्षों से होती आ रही है । उस प्रतियोगिता का खर्च और अपने 100 वर्षों की ओर अग्रसर हॉकी प्रतियोगिता का खर्च कितना है ? क्या कभी आलोचकों ने सोचा ?

आज मैं महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के साहसिक आयोजन पर लिखते हुए अपने बालपन की ओर लौट पड़ा हूं ।मुझे याद है जब बचपन में स्कूल में इतिहास पढाते हुए मास्टर जी हम बच्चों से प्रश्न किया करते थे । बच्चों बताओ ,- भारतवर्ष का राष्ट्रीय खेल क्या है ? हम बड़े उत्साह और जोश के साथ चिल्लाकर कहा करते थे - सर हॉकी !जबकि यह हमारा राष्ट्रीय खेल नहीं है । तब भी हमारे दिलों में इस खेल की भावना राष्ट्रीय खेल से कम नहीं हुआ करती थी । हम गली - कुंचों में हॉकी खेलते बच्चों की दुनिया को निहारा करते थे। आज चिंतन का विषय है कि आखिर वह कौन से कारण है , जिनकी वजह से हम अपनी हॉकी के अस्तित्व को खोते जा रहे हैं ? इतनी नकारात्मक स्थिति के बावजूद भी सर्वेश्वरदास हॉकी का अस्तित्व में बने रहना हमारे लिए गौरव का विषय होना चाहिए ! आज देश भर में होने वाली ऐसी ही बड़ी प्रतियोगिताओं ने दम तोड़ दिया है ! तब हम क्यों ना अपने अस्तित्व पर इठलाएं ? मैं आयोजन समिति में शामिल लोगों के उत्साह को नमन करते हुए यही कहना चाहता हूं कि आलोचनाओं से निराश न हों , बल्कि उनसे भी कुछ सीखने का प्रयास करते हुए अपनी ऊर्जा को चौगुन करें । कबीर दास जी ने ऐसे ही लोगों के लिए बहुत पहले कहा है ,:

निंदक नियरे राखिए , आंगन कुटी छवाय ,
बिन पानी साबुन बिना , निर्मल करे सुभाए।।

अर्थात हमें निंदा करने वाले व्यक्ति को अपने पास रखना चाहिए । निंदक हमारे चरित्र की दुर्बलता को हमारे सामने लाता है , जिससे हम अपनी कमियों को दूर कर सकते हैं ।निंदक व्यक्ति बिना साबुन और पानी के हमारे चरित्र और स्वभाव को निर्मल कर देता है । अंत में महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के 80 वें आयोजन पर विश्व का विश्वकर्माओं को हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं ।

## एक नजर

### विवाह के बंधन में बंधे एसडीओपी परमेश्वर और तहसीलदार प्रभा



**सुकमा,1 फरवरी।** जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप ने जिला पंचायत कार्यालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत एसडीओपी सुकमा श्री परमेश्वर तिलकवार और सारंगढ़ तहसीलदार नेत्रा प्रभा सिदार का विवाह सम्पन्न कराया और विवाहित जोड़े को गवाहों के समक्ष विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। सीईओ श्री कश्यप ने नव विवाहित जोड़ों को मुंह मीठा कराया और बधाई और शुभकानाएं दी। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी नवविवाहित जोड़ों को बधाई दी।

### जोरातराई में भागवत महापुराण का शुभारंभ



**अंवरी 1 फरवरी।** ग्राम जोरातराई अ में स्व. पंचम सिंह साहू की पुण्य स्मृति में 30 से 6 फरवरी तक श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन रखा गया। सवैश्वरानंद सरस्वती महराज चित्रकुट धाम कथावाचक द्वारा रसपान कराया जा रहा है। मंगलवार को कलशयात्रा निकाल कर भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने कलश लेकर पुरे गाँव का भ्रमण किया। बाजा गाजा के साथ निकाली गई कलशयात्रा में बढी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया ।

### जिले के 247 विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर 2 फरवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा

**उत्तर बस्तर कांकेर 1 फरवरी।** जिले में 02 फरवरी 2024 से समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुपरविजन के लिए बीईओ, एबीईओ व बीआरसीसी को टीम गठित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

# जिले में जल्द ही किया जाएगा जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कार्ययोजना बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 1 फरवरी।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम लोगों की समस्याओं को दूर करने जल्द ही गांवों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने इसके लिए ग्रामों का चयन करने तथा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही योजनावार प्रारूप तैयार करने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के सारे प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण लिए जाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर न जाएं, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। राशन कार्ड नवीनीकरण में तेजी लाने तथा इसकी सतत् मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की तिथि में संशोधन किए जाने के संबंध में उन्होंने जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से धान की आवक पर रोक लगाने हेतु सतत् निगरानी करने एवं विक्रय हेतु लाए गए धान का किसान के रकबे से मिलान करने के उपरांत ही खरीदी करने के निर्देश खाद्य अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने वर्ष 2014-15 और 2015-16 में किसानों को वितरित की गई प्रोत्साहन राशि का सत्यापन अब तक नहीं कराए जाने पर नरहरपुर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम कांकेर को दिए। कलेक्टोरेट में स्थित संयुक्त कार्यालय भवन के विभिन्न विभागों में विद्युत देयकों के भुगतान लंबित होने के मामले में सभी कार्यालय प्रमुखों को बकाया राशि का भुगतान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वित्तीय वर्ष के अंतिम माह से पहले आवश्यक बजट की मांग एवं उसका आहरण फरवरी माह में पूर्ण कर लेने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने स्थानांतरित होकर जिले में आए अधिकारियों व कर्मचारियों को जिले की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोटर्स एप के माध्यम से जानकारी अद्यतन करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में अधिग्रहित जमीन का भू-अर्जन, वन विभाग में लंबित भुगतान सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनपद पंचायतों में निर्माण कार्य, भृत्य नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गादीरास सूचना केन्द्र से कपड़ों के प्रदर्शनी लगाने 4 महिलाओं को किया रवाना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 1 फरवरी।** दयालबाग शिक्षण संस्थान के गादीरास सूचना केन्द्र से लगभग 76 सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं में से चुने हुए चार महिलाओं को आगरा अपने कला प्रदर्शन व सिले कपड़ों के प्रदर्शनी लगाने के लिए रवाना किया। 31 जनवरी को प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विदित है कि जुलाई 2023 से गादीरास सुकमा में सीआरपीएफ डीआई अरविन्द राय, कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दयालबाग शिक्षण संस्थान, आगरा के सहयोग से 09 सप्ताह का सिलाई प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। यहाँ पहला बैच सिलाई का जुलाई 2023 में आरंभ हुआ जिसमें 28 महिलाओं ने ब्लाउज, साया, बच्चों के पैण्ट, शर्ट, रुमाल, तकिया कवर, लड़कियों के फॉक आदि बनाना सिखा। इस दौरान जिले के कलेक्टर एस. हरीस ने भी संस्थान का दौरा किया व संस्थान के कार्य की प्रशंसा की। एसपी किरण चव्हान, कमाण्डेन्ट रति कान्त बेहेरा, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश पायल, तहसीलदार मधु तेता, अधिवक्ता कैलाश जैन आदि ने भी संस्थान का दौरा कर इन महिलाओं को दयालवाग शिक्षण संस्थान द्वारा सिलाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के कार्य की प्रशंसा की। सिलाई प्रशिक्षण का दूसरा बैच सितम्बर से दिसम्बर 2023 तक 33 महिलाओं का चलाया गया। इस दौरान दयालबाग शिक्षण संस्थान के सामाजिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो संगीता सैनी, कला संकाय की प्रो रूबीना सक्शेना व प्रो चारू स्वामी ने ऑन लाईन मोड में व्यक्त्वि विकास व लागत मूल्यों जैसे विषयों पर कक्षा ली। सिलाई कोर्स का तीसरा बैच 16 महिलाओं का जनवरी 2024 से चलाया जा रहा है। आगरा में होने वाले कला प्रदर्शन व सिले कपड़ों के प्रदर्शनी लगाने हेतु चार महिला कमला नाग, गीता, संगीता यादव व लक्ष्मी यादव का चवन कला प्रदर्शन व प्रदर्शनी हेतु रवाना किया गया। इस संस्थान के गादीरास के प्रभारी व शिक्षिका विजन्द्र कुमार व श्रीमति भुपिन्द्रजीत कौर के साथ आगरा दयालबाग जा रहे है, जहाँ पर वे विश्वविद्यालय के ओपेन डे अर्थात प्रथम निदेशक डॉ.एमबी लाल साहव के जन्म दिन पर 31 जनवरी को प्रशर्दनी में अपने बनाए कपड़े की बिक्री कर आय प्राप्त करेगे, इस संस्थान के भारत व भारत के बाहर कुल 100 सूचना केन्द्र है, 31 जनवरी को ओपन डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर दयालबाग विश्वविद्यालय के परिसर में भारत के सभी सूचना केन्द्र से आए छात्र-छात्राओं द्वारा अपने बनाए समानों की प्रदर्शनी लगाकर बिक्री की जाती है, ताकि उन्हें अपने कला व हूनर दिखाकर व्यपार करने का अवसर प्राप्त होता है।

## समाचार संक्षेप

### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अनप्राशन संस्कार, विद्या संस्कार करवाया संपन्न



**सुकमा 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । शबरी नारायण गौसेवा संस्थान में शिवलिंग और राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुआ सम्पन्न सुकमा 1 फरवरी। शबरी नारायण गौसेवा संस्थान में नर्मदेश्वर शिवलिंग और राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न किया गया। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए शबरी नारायण गौसेवा संस्थान पहल की थी। गौसेवा संस्थान में नवनिर्मित मंदिर में गौरी गणेश वेदी पूजन, जलाधिवाश, अन्नाधिवास पूजा अर्चना करने के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा प्रारंभ हुई। शबरी नारायण गौ-सेवा संस्थान के द्वारा इस मौके पर भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग एवं राधाकृष्ण जी का प्राण प्रतिष्ठा करने अनप्राशन संस्कार, विद्या संस्कार, उपनयन संस्कार, विवाह संस्कार संपन्न करवाया गया। साथ ही आगामी दिनों में अन्य संस्कारों का भी विधिवत आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी आगामी दिनों में करने की बात संस्था के द्वारा बताई गई है। भव्य भंडारे के साथ ही मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन हुआ। शबरी नारायण गौ-सेवा संस्थान के प्रमुख रामनारायण मिश्र ने बताया कि से शबरी नारायण गौ-सेवा संस्थान के द्वारा गौशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग और राधा कृष्ण जी मंदिर में प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को जिस प्रकार से भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, उसी तर्ज पर गौशाला परिसर नवनिर्मित मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा कर किया गया।

### पांच वर्षों तक आबकारी मंत्री किस नशे में थे, पहले इसका जवाब दें:दीपिका

**सुकमा 1 फरवरी।** कोंटा विधायक व पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एन एच की मौजूदा हालात पर धरना प्रदर्शन करने को लेकर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर



कहा कि सिर्फ एनएच 30 की मौजूदा हालात ही नहीं सुकमा जिले में वयाप्त सभी प्रकार के अनियमितताओं और घूसखोरी,कमीशन के जिम्मेदार कोंटा विधायक व पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ही हैं मैं पूछना चाहती हूँ कि इसी सड़क के खस्ताहाल स्तिथि को लेकर मैंने सुकमा से जगदलपुर तक पदयात्रा किया था तब वो किस नशे में थे इसका जवाब पहले दें स्वयं छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री रहते हुए अपने ही विधानसभा से गुजरने वाली सड़क को लेकर कभी संजीदगी नहीं दिखाई अब जब सत्ता चली गई है तो नौटंकी कर रहे हैं कोंटा से जगदलपुर के सडक के खस्ताहाल के जिम्मेदार वो खुद हैं। दीपिका ने कहा कि कांग्रेस की सरकार एवं इनके ही संरक्षण में इनके चहेते ठेकेदार को कार्य मिला व इतनी लापरवाही होने के बावजूद भी ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं होना इनकी मिली भगत को दर्शाता है केंद्र की मोदी सरकार ने एन एच के कार्य के लिए पूरी राशि राज्य सरकार को दी थी परन्तु पूर्व की कांग्रेस सरकार व पूर्व मंत्री कवासी लखमा के लापरवाही कारण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं सही समय पर नहीं किया गया,भाजपा की सरकार बनते ही हमारे जनप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा के लोगों के दर्द को समझा और सड़क निर्माण प्रारम्भ हो चुका है और जल्द ही यह सड़क पूर्ण होगी,लखमा जी अब सुकमा की जनता को ठगने का कार्य बंद करें जनता उनके चेहरे को समझ चुकी है और आने वाले समय में जनता भाजपा के सरकार के कार्य को देखेगी और जनता स्वयं इन्हें जवाब देगी।

### जोरातराई (अ) में पांच कुंडीय मारुति महायज्ञ का आयोजन 25 फरवरी से



**अंवरी 1 फरवरी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवज्योति नाट्यकला मंडली एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम जोरातराई (अ) में पांच कुंडली मारुति महायज्ञ का आयोजन 25 फरवरी से 29 फरवरी को किया जा रहा है जिसका भूमि पूजन कार्य किया गया। जिसमें यज्ञ करता महाराज सिद्धेश्वरनंद लफंदी पीठ पंचकोशी धाम आश्रम के द्वारा होना है एवं 25 तारीख भव्य कलश यात्रा 26 तारीख से प्रवचन नरेंद्र दास खुसरूपाली छुरा एवं चंद्रहास साहू भेन्डी राजीम के द्वारा हरि कीर्तन का आयोजन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होना है जिसका जिसके तैयारी में टेकराम साहू ,मानक लाल साहू ,सुदामा राम साहू, खिलावन पाल, छविराम साहू, बलदेव साहू ,खुनीत राम साहू, रामचंद्र निर्मलकर, लक्ष्मण निषाद, हरिश्चंद्र निर्मलकर, मुकेश साहू, दिनेश साहू एवं ग्राम पटेल महेंद्र साहू समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने किया निजी कार्यालय का किया उद्घाटन



**कांकेर, 1 फरवरी।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सिविल लाइन माहुरबंदपारा में एक निजी कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रदेश के गांव-गांव में हर वर्ग के लोगों तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुगम हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार की पहली केबिनेट की बैठक में प्रदेश के नागरिकों के हित में पक्का आवास बनाने का निर्णय लिया गया। जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में घर-घर में शुद्ध पेयजल पहुंच रही है, वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त में इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि सहित अन्य कई योजनाओं की निचले स्तर तक पहुंच से पिछड़े एवं ग्रामीणों के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक अंतागढ़ श्री भोजराज नाग, पूर्व विधायक श्री देवलाल दुग्गा, पूर्व विधायक सिहावा श्री श्रवण मरकाम एवं श्रीमती पिंकी शाह सहित, श्री सतीश लाटिया, राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय बहुभाषा एक दिवसीय शिक्षण का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 1 फरवरी।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मंगलवार को स्वामी विवेकानंद बहुउद्देशीय सभागार में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की लक्ष्य 2026-27 को बच्चों में हासिल करने उनकी ही भाषा में सीखने एंव सिखाने, सामग्री निर्माण, वातावरण निर्मित कला आधारित विकासखंड स्तरीय एफएलएन-एमएलई बहुभाषा एक दिवसीय शिक्षण सह एफएलएन आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों के शिक्षण में बहुभाषा की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही सीताराम सिंह राणा एपीसी समग्र शिक्षा सुकमा के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति,बालवाड़ी, निपुण भारत योजना अंतर्गत एफएलएन - एमएलई के बारे में जानकारी दी गई । इस कार्यशाला में विकासखंड सुकमा से कुल 185 शिक्षकों को एफएलएन - एमएलई बहुभाषा का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स श्री जागेश्वर ध्रुव एवं श्री देवेंद्र दास मानिकपुरी खंड अकादमिक समन्वयक, शिरोमणी , उरमणी, परिणीता, मुकेश, सीमाचलम शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सहयोग दिया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1लीं से कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए समग्र विकास की जानकारी संकुल समन्वयक श्री दीपक बारसे एवं श्री फिरोज खान द्वारा दी गयी । प्रशिक्षण में श्री एस आर देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा, श्री चंद्रहास साहू एफएलएन लिटरेसी एक्सपर्ट समग्र शिक्षा सुकमा, श्री प्रफुल्ल डेनियल सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुकमा, विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### माना बाल सुधारगृह से आधा दर्जन बच्चे खिड़की तोड़कर भागे

**रायपुर, 1 फरवरी।** राजधानी के माना स्थित बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था कितनी सख्त है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी करने वाले बाल अपराधी खिड़की तोड़कर आसानी से भाग जाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला फिर से सामने आया है। माना बाल संप्रेक्षण गृह से गंभीर किस्म के अपराध में संप्रेक्षण गृह पहुंचे आधा दर्जन बच्चे सुरक्षाकर्मियों की आंखों में धूल झोंक कर भाग निकले हैं। माना बाल संप्रेक्षण गृह से सोमवार-मंगलवार दरमियानी लगभग रात 1 बजे हत्या, दुष्कर्म, चाकूबाजी जैसे गंभीर मामले में बंद आधा दर्जन बाल अपराधी खिड़की तोड़कर भाग निकले. इंचार्ज ने दो दिनों तक फरार बाल अपराधियों की छानबीन की लेकिन नहीं मिले. जिसके बाद इसकी रिपोर्ट पुलिस में की गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार बाल आरोपियों की तलाश में जुट गई है। माना थाने में दर्ज फरार बाल अपराधियों की शिकायत के अनुसार सड्डू में मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपी समेत आधा दर्जन बाल अपराधी जो बाल गृह की खिड़की तोड़कर भाग निकले. इसमें टिकरापारा के तीन, सड्डू के एक और कुरूद का एक बाल अपराधी शामिल है. सभी बाल अपराधियों की तलाश में पोलइ जुटी हुई है। कुछ महीने पहले (दिसंबर 2023) में माना बाल संप्रेक्षण गृह में बंद बाल अपराधियों ने नाइट इंचार्ज पर हमला कर गमछे से गला घोटने का प्रयास किया और फरार हो गए थे. घटना में नाइट इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गया था. वहीं मामले में पुलिस ने बाल अपराधियों को कुछ ही दिनों में गिरफ्तार कर लिया था।

# बच्चों को कृमिमुक्त बनाने जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 1 फरवरी।** जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई, जिसमें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी व स्कूलों में दर्ज बच्चों को लक्षित कर अल्बेंडाजोल की टैबलेट वितरित करने और शत-प्रतिशत बच्चों को कव्हरेज करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

समय-सीमा बैठक के उपरांत आयोजित स्वास्थ्य विभाग की टास्कफोर्स कमेटी की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ 10 फरवरी से किया जाएगा तथा मॉप-अप दिवस 15 फरवरी को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 01 से 19 वर्ष के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को स्कूल, तकनीकी शिक्षा और आंगनबाड़ी के माध्यम से एल्बेंडाजॉल खिलाकर कृमिमुक्त किया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली को चूरा कर खिलाया जाएगा जबकि दो से तीन साल की आयु के बच्चों को पूरी एक गोली पीसकर खिलाई जाएगी। इससे अधिक आयु वालों को एक गोली चबाकर खाने की सलाह दी गई है। डॉ. खरे ने बताया कि जिले के 2 लाख 97 हजार 210 बच्चों को इसकी खुराक दिए जाने का लक्ष्य है, जिससे उन्हें कृमिमुक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष 2023 में जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 90.39 प्रतिशत बच्चों को कृमिनाशक अल्बेंडाजोल की खुराक दी गई थी तथा इस साल शत-प्रतिशत बच्चों को इसकी खुराक देने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कृमि के दुष्प्रभाव-

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बैठक में बताया कि कृमि ऐसे परजीवी हैं जो मनुष्य की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं। गंभीर कृमि संक्रमण से दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना, कुपोषण, किसी काम में रूचि न होना जैसे कई लक्षण हो सकते हैं। डिवर्मिंग के सेवन से बच्चों और किशोरों में रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार एवं एनीमिया में नियंत्रण किया जा सकता है।

# ट्रेलर व पिकअप की टक्कर में 4 ग्रामीणों की मौत, 10 घायल



**बीजापुर, 1 फरवरी।** ट्रेलर ने पिकअप को मारी जोरदार टक्कर। सड़क हादसा में चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हुई। इस हादशा में 10 ग्रामीण गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। बीजापुर जिला अस्पताल घायल लोगों को ईलाज के लाया गया। घायलों का इलाज जारी है। नैमेड थानांतर्गत क्षेत्र का पूरा मामला। मिली जानकारी अनुसार मुसालूर चौक स्थित गोंडवाना भवन में तेलम परिवार के सामाजिक मिलन समारोह मनाकर से पिक़अप वाहन से फुलगट्टा (भैरमगढ़) वापस लौट रहे थे, शाम के लगभग 7 बजे विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर से टक्कर हो गई। इस जबरदस्त टक्कर में पिक़अप सवार 4 ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई। जिनके नाम संतू तेलम(30), मुन्ना तेलम(28), हुर्रा तेलम(25) तथा राजकुमार तेलम(26) बताया गया। जिला अस्पताल में सीएस डा.वाय एस ध्रुव ने बताया कि इस हादशा में 10 ग्रामीण घायल है। जिनका इलाज जारी है। 4 ग्रामीणों का गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंपा गया। ग्राम फूलगट्टा में चारों ग्रामीणों का शव को एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गांव में चार शव को देख मातम पसरा है। बीजापुर यातायात प्रभारी बघेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। नैमेड थाना में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है। नैमेड थाना में पुलिस द्वारा वाहन को जप्त कर अपने कब्जे में लिया है।मृतकों के परिजनों सहित समाज के लोगों में मातम पसरा है। घटना के बाद जिला अस्पताल में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय भी अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ घायलों का हालचाल जानने पहुंचे।

### पुलिस और माओवादियों के बीच क्रॉस फायरिंग से एसटीएफ जवान के भाई की मौत

**बीजापुर, 1 फरवरी।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कोंड्रोजी, बोडगा क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान पर 30 जनवरी को जिला बीजापुर एवं दंतेवाडा डीआरजी की टीम निकली हुई थी ।पुलिस के प्रेस नोट अनुसार अभियान के दौरान बोड़गा के जंगल में माओवादियों के द्वारा बनाये गये सुरंग एवं स्मारक को ध्वस्त किया गया। अभियान के वापसी के दौरान माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई, पुलिस बल द्वारा माओवादियों को मुहतोड़ जवाब दिया गया । पुलिस की जवाबी कार्यवाही में माओवादी जंगल पहाड़ का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए द्य घटना के दूसरे दीन बुधवार को पुलिस को यह ज्ञात हुआ है कि माओवादी अभियान में तैनात एसटीएफ जवान के भाई रमेश ओयाम निवासी बोड़गा की माओवादियों की क्रॉस फायरिंग मे मृत्यु हो गई है । मृतक के परिजनों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है ।

## एक नजर

### किसान अपना धान अब 4 फरवरी तक बेच सकेंगे

**गरियाबन्द, 1 फरवरी।** राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की नगद व लिकिंग में खरीदी की समयावधि 31 जनवरी से बढ़ाते हुए 04 फरवरी,तक किये जाने का निर्णय लिया गया है । उक्त अवधि के दौरान शनिवार एवं रविवार के दिवस में भी किसानों से धान की खरीदी की जावेगी । छत्तीसगढ़ के किसान लगातार मौसम परिवर्तन वह अन्य दिक्कतों के चलते हुए अपना धान शासन द्वारा निर्धारित अंतिम समय सीमा 31 जनवरी तक बेचने मे असमर्थ रहे जिसे लेकर लंबे समय से किसान धान खरीदी का समय बढ़ाने की मांग करते रहे हैं इसे लेकर विभिन्न पार्टियों के जन प्रतिनिधि भी समय को बढ़ाने की मांग करते रहे हैं ।विशेष कर चंद्रशेखर साहू पूर्व सांसद ने तो पहले से ही धान खरीदी का समय बढ़ाने का मांग किया था ।जिस पर सहमत होते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा करते हुए कहा है कि अब किसानों का धान 4 फरवरी तक लिया जा सकेगा इस घोषणा से किसानों ने बड़ी राहत महसूस की है और राज्य शासन के प्रति आभार भी व्यक्त किया है

### बैठक में नए टीएल साफ्टवेयर का शुभारंभ



**गरियाबंद, 1 फरवरी।** मंगलवार को समय सीमा की समीक्षा बैठक के दौरान नए टीएल ऑनलाईन सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया। सॉफ्टवेयर को एनआईसी गरियाबंद के उप निदेशक नेहरू निराला द्वारा विकसित किया गया है। टीएल ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के शुभारंभ होने से टीएल प्रकरणों के निराकरण में तेजी आयेगी। साथ ही समय सीमा के प्रकरणों की बेहतर मॉनिटरिंग की जा सकेगी। उक्त सॉफ्टवेयर जिलाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देश पर बनाया गया है ।श्री निराला ने बताया कि सॉफ्टवेयर में विभाग प्रमुख के डैशबोर्ड में उनके विभाग से संबंधित लंबित पत्रों की सूची साथ में जन चौपाल एवं जनशिकायत के लंबित आवेदन भी दिख जाता है। ऑनलाइन टीएल सॉफ्टवेयर को संदेश ऐप के साथ इंटीग्रेशन किया गया है। जिससे विभाग को नए टीएल मार्क होते ही संदेश ऐप के माध्यम से नोटिफिकेशन मिल जाता है। साथ ही पत्र का पीडीएफ फाइल भी विभाग को प्राप्त हो जाता है। इस तरह नए टीएल सॉफ्टवेयर को कई नए फीचर के साथ लॉन्च किया गया है। श्री निराला ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर को प्रोडक्ट की तरह तैयार किया गया है। जिसे किसी भी जिला के द्वारा इंप्लीमेंट किया जा सकता है।

### फिंगेश्वर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति 2 फरवरी तक

**गरियाबन्द, 1 फरवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना फिंगेश्वर के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती के लिए मंगाए गए आवेदनों के निरीक्षण पश्चात मूल्यांकन सूची जारी की जा चुकी है। जारी सूची में दावा-आपत्ति 02 फरवरी 2024 तक आमंत्रित की गई है। परियोजना अधिकारी फिंगेश्वर ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र तर्रा 01, तर्रा 06, अरण्ड 03, पथर्री 02, तरीघाट 03, कौंदकेरा 04, पितईबंद 03, भसेरा 03, रजकट्टी 02 एवं सोनासिल्ली 01 में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के अनंतिम मूल्यांकन सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

### चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख 92 हजार स्वीकृत

**गरियाबंद, 1 फरवरी।** महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सांसद निधी से 8 निर्माण कार्यों के लिए 44 लाख 92 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पोंड़ में गायत्री मंदिर चौक वार्ड नं. 10 में व पंचायत कोसमबुड़ा में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के लिए 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत परसदाखुर्द के वार्ड नंबर 03 में सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 96 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बहेरापाल में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम बकली में कारीगरों के लिए शेड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत फुलकर्रा में वार्ड नं. 7 आंगनबाड़ी से डोंगरीपारा तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 98 हजार रूपये, ग्राम बारूला के वार्ड नं. 8 बाजार चौक से दिनेश घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 98 हजार रूपये और नगर पंचायत राजिम के वार्ड नं. 6 वीप्र भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर पंचायत राजिम के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया है।

### प्राकृतिक आपदा के 7 प्रकरण में 28 लाख की सहायता राशि

गरियाबंद, 1 फरवरी। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 7 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम नाऊमुड़ा निवासी 14 वर्षीय देवनारायण नेताम को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी माता शिवरात्रि को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह मैनपुर तहसील के ही ग्राम जिडार निवासी 50 वर्षीय रामनाथ मरकाम के तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नि दयाबाई को 4 लाख रूपये, ग्राम तुहामेटा निवासी 55 वर्षीय कमशीला बाई को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उसके पति सोनूराम को 4 लाख रूपये तथा राजिम तहसील के ग्राम रावड़ निवासी 20 वर्षीय उमाबाई पटेल के आग में जलने से मृत्यु हो गई।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण



**बीजापुर, 1 फरवरी।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देते हुऐ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुये दैनिक ओपीडी, आईपीडी, सोनोग्राफी, एक्स-रे, दवाईयों की उपलब्धता, ब्लड बैंक की स्थिति, आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता सहित मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डाक्टरों, विशेषज्ञों की उपलब्धता सहित विभिन्न सेवाओं के बारे में बारीकी से जानकारी लेते हुऐ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं निष्प्रयोज्य सामग्रियों को नीलामी करने, अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए।

अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. यूके ध्रुव सहित अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अमला मौजूद थे।

### जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू

**गरियाबंद ।** जिले में 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 'कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना' के संदेश के साथ लोगों को कुष्ठ के बारे में जागरूक किया जाएगा। कुष्ठ जागरूकता प्रचार रथ को रवाना करके हुई। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ के माध्यम से गांव गांव जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## कलेक्टर ने किया उसूर ब्लॉक का आकस्मिक निरीक्षण



बीजापुर, 1 फरवरी। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने उसूर ब्लॉक के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय आवापल्ली पहुंचकर आधार अपडेट, नेटवर्क सहित कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुऐ ड्यूटी मे तैनात अधिकारी-कर्मचारियों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। तहसीलदार से पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न पहुंचाने की जानकारी लेते हुऐ आवश्यक निर्देश दिए। 02 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सभी ब्लॉकों के चिन्हित स्थानों पर होगा। इसी तरह उसूर ब्लॉक के गलगम में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों का जायजा लेते हुऐ अधिक से अधिक हितग्राहियों को शिविर में शामिल कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत उसूर के निरीक्षण के दौरान आकांक्षी ब्लॉक अर्न्तगत की जाने वाले तैयारियों/गतिविधियों के संदर्भ में आवश्यक जानकारी लेते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला सहकारी बैंक के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को बोनस राशि खाते में पहुंचने की जानकारी ली। बैंक में आए किसानों को राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की तिथि में बढ़ोतरी की जानकारी देते हुऐ बताया पूर्व में 31 जनवरी तक निर्धारित की गई थी।

जिसे बढ़ाकर अब 04 फरवरी तक किया गया है, कोई भी किसान अगर धान बेचने से छुट गया हो तो उन्हे सूचित करने के लिए कहा ताकि योजना से लाभान्वित हो सके। सहकारी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य के लिए कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बधाई दी।भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली का निरीक्षण करते हुऐ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने, दवाईयों का स्टॉक पर्याप्त रखने के निर्देश दिए। डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के बारे में डाक्टरों से जानकारी ली। वहीं अस्पताल पहुंचे मरीजो से आवश्यक चर्चा करते हुऐ अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, तहसीलदार श्री सूर्यकांत घरत, जनपद सीईओ श्री प्रभाकर चन्द्राकर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के आरोपों का भाजपा ने किया खंडन और कहा पक्षपात वाली सोच तो है कांग्रेस की




**कोण्डागांव., 1 फरवरी।** नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव एवं कांग्रेसी पार्षदों ने 30 जनवरी को भाजपा पर उपेक्षा और पक्षपात का आरोप लगाया है। तो वहीं इस आरोप का खण्डन करते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व माकड़ी जनपद पूर्व अध्यक्ष संजू पोयाम ने प्रेसवार्ता किया। संजू पोयाम ने कहा कि, पक्षपात जैसा कार्य कांग्रेस की सरकार करते आई है, भाजपा पक्षपात नहीं करती है। आज के कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेसी पार्षद भी मौजूद थे। उन्होंने ही नगर पालिका अध्यक्ष को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया।

नगर पालिका क्षेत्र कोण्डागांव में विकास कार्यों को लेकर लोकार्पण - भूमिपूजन किया जा रहा है। लोकार्पण - भूमिपूजन कार्य में राजनीतिक मोड तब आया जब कांग्रेस ने भूमि पूजन कार्यों में आमंत्रित नहीं करने और उपेक्षा का आरोप लगाया। इसके बचाव में भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व जनपद अध्यक्ष संजू पोयाम ने कहा कि, पक्षपात या उपेक्षा भाजपा नहीं करती। कार्यक्रम में कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस के पार्षद योगेंद्र पोयाम भी मौजूद थे, उनके द्वारा ही पालिका अध्यक्ष को आमंत्रित नहीं किया गया। संजू पोयाम ने शिलालेख पर नाम उल्लेखित नहीं किए जाने पर कहा कि, यह जवाबदारी अधिकारियों की होती है। आमंत्रित अतिथि पर शिलालेख की जवाबदारी नहीं होते हैं। कांग्रेस केवल आरोप लगाकर राजनीति करना चाह रही है।

### शहीद दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि



**बीजापुर, 1 फरवरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को शहीद दिवस के रुप में मनाया जाता है। शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर टंडन सहित जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नैमेड़ साप्ताहिक बाजार में हेलमेट बांटकर बताए यातायात के नियम




**बीजापुर , 1 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक बीजापुर के दिशा निर्देश यातायात नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू के मार्गदर्शन में जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत सोमवार को ग्राम नैमेड़ के साप्ताहिक बाजार में दूर दराज से आए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर हेलमेट बाइक रैली एवं रथ के माध्यम से साप्ताहिक बाजार में आए ग्रामीणों को बताया गया की नाबालिक बच्चों को वाहन न चलने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल नैमेड़ के छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया छात्र-छात्राओं को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने के लिए संकल्पित किया गया साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को खेलकूद समान से पुरस्कृत किया गया। यातायात आरक्षक अवध सिन्हा द्वारा यातायात के अनिवार्य,चेतावनी, एवं सूचनात्मक सकेत की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पर करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता दो पहिया वाहनों में तीन सवारी ना चलाना वाहन चलाते समय मादक द्रव का सेवन न करना तेज गति वाहन ना चलाना, सावधानी पूर्वक वाहन चलाना प्रेशर हरण का उपयोग न करना वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने ज़ेबरा क्रॉसिंग, रेलवे क्रॉसिंग, गुड सेमिरिटन, लाइसेंस बनाने के नियम, सड़क दुर्घटना के कारण दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं एवं उसमें निश्चित जुर्बाना की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई उक्त जागरूकता अभियान के दौरान थाना प्रभारी नैमेड़ एवं यातायात प्रभारी के उप निरीक्षक केशव सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक विजय मंडावी, यातायात प्रधान आरक्षक दिनेश खांडे, रामेश्वर नेताम कमला मट्टी, आरक्षक सुरेश मेश्राम, प्रवीण चापड़ी, गुडाकेश भोय, जागर, यूनिसेफ लेखिका साहू एवं हम स्टाफ शामिल के साथ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिका एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा माह , गंगालूर में यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया

**बीजापुर , 1 फरवरी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा का जिले भर में आयोजन व जागरूकता अभियान जारी है। इसी तरह जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला बीजापुर में किया जा रहा है। इस दौरान विविध कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी तारतम्य में 30 तारीख बुधवार को गंगालूर थाना परिसर में हाई स्कूल, आत्मानंद स्कूल गंगालूर, मिशन स्कूल ,गोंगला आश्रम शाला , तामोडी आश्रम शाला के बच्चों व आम नागरिकों, उपपुलिस अधीक्षक विनीत साहू, जुम्बा प्रशिक्षिका रागिनी, लेखिका साहू यातायात शाखा से प्रधान आरक्षक दिनेश खांडे ,आरक्षक अवध सिन्हा और यातायात शाखा के अन्य कर्मचारी व थाना प्रभारी गंगालूर, निरीक्षक साकेत बंजारे थाना स्टाफ के साथ स्कूली बच्चें व आम जनता को यातायात नियमों को पालन करने जागरूक किया गया।

# जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**बीजापुर, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने विकसित भारत अभियान के तहत् जिला कार्यालय में समस्त अधिकारियों को जिला बीजापुर को कुष्ठ रोग से मुक्त जिला बनाने की शपथ दिलाई जिले के अधिकारियों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम सभी लोग जिला प्रशासन बीजापुर विकसित भारत अभियान के मौके पर यह घोषणा करते है कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त कराने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका ईलाज संभव है। हम सभी व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करेंगे और उन्हें मुख्य धारा में लाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. वायके ध्रुव, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण समस्त अनुभाग के एसडीएम ,डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने नशामुक्ति के लिए कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**बीजापुर, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज 30 जनवरी को नशा मुक्ति संकल्प दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई एवं अधिकारियों ने संकल्प पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर संकल्प लिया कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल सहायक आयुक्त आदिवासी श्री केएस मशराम सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण सभी अनुभाग से एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर , तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।



## शिविर में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से करें लाभान्वित :कलेक्टर



**बीजापुर, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अन्तर्गत 02 फरवरी को होने वाली विकासखंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का व्यवस्थित आयोजन करने ग्रामीणों, हितग्राहियों की मांग एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा निराकृत करने सहित केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शासकीय कार्यक्रमों में मिले दायित्वों का निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा गया। वहीं विधानसभा सत्र के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों का जवाब नियत समय पर प्रेषित कर अवगत कराने के निर्देश दिए। विकास कार्यो के समीक्षा के दौरान जिले में संचालित आंगनबाड़ी स्वीकृत एवं निर्माणधीन आंगनबाड़ियों की जानकारी लेते हुए संबंधित सीईओ जनपद पंचायतों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। राशन कार्ड के नवीनीकरण की प्रगति, पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न उपलब्ध कराने, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ सभी पात्र किसानों को प्रदाय करने सहित भारतीय वायु सेना मे अग्निवीर भर्ती रैली का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए देश सेवा के लिए नौजवानों को प्रेरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी द्वारा भर्ती से संबंधित जानकारी युक्त पाम्पलेट का वितरण किया गया।इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी श्री केएस मशराम प्रभारी सीईओ जिला पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण सभी अनुभाग से एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर , तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन के बाहर दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, 3.5 किलो गांजा जब्त



**रायगढ़, 1 फरवरी।** रेलवे स्टेशन बाहर गांजा के साथ पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर रायगढ़ में खपाने आए थे। कोतवाली पुलिस और आरपीएफ द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। कल शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को आरपीएफ से सूचना मिली कि दो संदग्धि व्यक्तियों को रेलवे स्टेशन के बाहर पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा के साथ देखा गया है । थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर गांजा तस्करों के भाग जाने की आशंका पर तत्काल थाने से उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर के हमराह कोतवाली पुलिस की टीम को रेलवे स्टेशन रवाना किया गया । कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा रेल्वे सुरक्षा बल टास्क टीम के साथ आसपास के क्षेत्रों में दोनों संदेहों को तलाश किया गया जो रेलवे स्टेशन के बाहर महादेव मंदिर के सामने पिट्ठू बैग पकड़े दिखे । पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को पकड़ा जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम. गौरांगो राजहंस और रमाकांत सुना दोनों निवासी जिला बौध उड़ीसा के रहने वाले बताए। पुलिस टीम ने दोनों को रेड कार्यवाही की जानकारी देकर उनकी तलाशी लिया गया जिसमें संदेही गौरांगो राजहंस के पास पिट्ठू बैग से चार पैकेट मादक पदार्थ गांजा एवं रमाकांत सुना के आधिपत्य वाले काले पिट्ठू बैग से एक पैकेट में रखा गांजा बरामद हुआ । जप्त गांजा का वजन कराने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 5 किलो गांजा कीमत 60,000 का जप्त किया गया है । पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर रायगढ़ में खपाने आए थे । आरोपी द्द गौरांगो राजहंस पिता पाइको राजहंस उम्र 30 वर्ष साकिन ग्राम खोजरोज प्रायमरी स्कूल के पास थाना मनुमुड़ा जिला बौध उड़िसा रमाकांत सुना पिता लोहाबीर सुना उम्र 28 वर्ष साकिन ग्राम लोनडोन पोड़ा प्रायमरी स्कूल के पीछे थाना कन्टामल जिला बौध उड़िसा के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

## एक नजर

### मुंगेली में उत्साहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस





**मुंगेली, 1 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के विशाल गणतंत्र का ध्वज स्थान-स्थान पर गौरव पूर्ण माहौल में फहराया गया। तिरंगा झण्डा और वीर शहीदों के जयकारों के साथ देशभक्तों ने उत्साह दिखाए और आनंदित हुए। रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटाएं बिखरी। आकर्षक गीत संगीत और नृत्य के नजारों से मुंगेली जिला गुंजता रहा। गणतंत्र दिवस का मुख्य पर्व डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में मनाया गया जहां मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह प्रेस क्लब भवन में शैलेन्द्र जायसवाल और मोहन मल्लाह कार्यकारी अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुन्नू लाल मोहले विधायक और शैलेष पाठक जिला भाजपा अध्यक्ष, सुनील पाठक ने संबोधित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और सभी पदाधिकारी ने पूजन अर्चन किया। गोलबाजार और तिरंगा चैक में स्वतंत्र मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इंदिरा गांधी चैक, आगर साहित्य समिति पुल पारा, कांग्रेस सेवा दल, परमेश्वरी चैक, कांग्रेस भवन और नेहरू चैक में ध्वजारोहण कर बड़ी आन बान और शान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आत्मा सिंह क्षत्रीय, कौशल सिंह क्षत्रीय, अरविंद वैष्णव, संजय जायसवाल, दिलीप बंजारा, रोहित शुक्ला, रोहित बंजारा, संजय यादव, संजीत बनर्जी, अमोली यादव, जाहिदा बेगम, मनोरमा गुप्ता, मंजू शर्मा, एजाज खोखर, आरिफखान, दीपक गुप्ता, इम्तियाज रोजे शामिल हुए। सरस्वती ज्ञान मंदिर और लिग्नाईट प्राथमिक शाला में देव गोस्वामी, सचिव आगर साहित्य समिति ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में डॉ.अजीज रफीक, रासबिहारी यादव, अर्पणा यादव, बिजेन्द्र नामदेव, पुरूषोत्तम जायसवाल ने गणतंत्र की महत्ता बताते हुए छात्रों को संबोधित किया। आकर्षक और मधुर गीत संगीतों की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने अच्छा माहौल बनाया। सामुहिक गीतों की कड़ी और नृत्य के साथ गीत का आनंद भी लुभाता रहा। मन में हर्ष की हिलोरे छलकाता रहा।

### लायंस स्कूल सीतामढ़ी एवं टीपी नगर में मनाया गणतंत्र दिवस

**कोरबा, 2 फरवरी।** लायंस क्लब ऑफकोरबा द्वारा संचालित लायंस स्कूल सीतामढ़ी एवं टी.पी. नगर में 75 वॉ गणतंत्र दिवस के अवसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। लायंस इंग्लिश हायर सेकंड्री स्कूल सीतामढ़ी में प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण सम्मानीय अतिथि लायन मीना सिंह क्लब अध्यक्ष द्वारा किया गया, विशिष्ट अतिथि एमजेएफलायन एस.के. अग्रवाल जोन चेयरमेन एवं अध्यक्षता एमजेएफलायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) चेयरमेन लायंस स्कूल सीतामढ़ी ने किया। इसी प्रकार लायंस इंग्लिश हायर सेकंड्री स्कूल टी.पी. नगर में प्रात: 10:00 बजे ध्वजारोहण सम्मानीय अतिथि लायन श्रीकांत बुधिया चेयरमेन लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट द्वारा किया गया, विशिष्ट अतिथि लायन सत्येन्द्र वासन चार्टर सदस्य एवं अध्यक्षता एमजेएफलायन जयप्रकाश अग्रवाल चेयरमेन लायंस स्कूल टी.पी. नगर ने किया। उपस्थित सम्माननीय अतिथियों ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दिया एवं गणतंत्र दिवस के इतिहास के बारे में बताया। साथ ही वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभागी रहे छात्र-छात्राओं को लगभग 1000 प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। आभार व्यक्त लायन मधु पाण्डेय सचिव लायंस स्कूल टी.पी. नगर ने किया। कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह व जोश के साथ मनाया गया एवं अंत में मिठाई वितरित कर कार्यक्रम की समाप्ति किया गया।

# सिकल सेल की पहचान के लिए अब तक 89 हजार से अधिक लोगों का परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 फरवरी।** जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन की शुरुआत की गई थी। इसके तहत जनजातीय क्षेत्र एवं एवं इस बीमारी की आशंका वाले क्षेत्रों में यह कार्यक्रम मिशन मोड में चलाया जा रहा है। जिसके तहत शून्य से चालीस वर्ष के व्यक्ति की जांच की जा रही है। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेज़ी से इस पर कार्य किया जा रहा है। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, जिले में इस हेतु सभी को प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया है।

जिला अस्पताल को 200, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, एएन एम को 20-20 प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया। स्कूलों में जानी वाली चिरायु टीम को भी 100 का लक्ष्य दिया गया है। जिले अब तक 89 हजार 436 लोगों का सिकलसेल जांच किया गया है। जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार में 19 हजार 705, भाटापारा में 18 हजार 37, कसडोल में 17 हजार 154, पलारी में 15 हजार 983 तथा सिमगा में 18 हजार 557 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी है।

गौरतलब है कि सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रोग है जो एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में जीन्स के माध्यम से हस्तांतरित होता है। इस रोग में शरीर की लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में बन जाती हैं एवं जल्दी नष्ट हो जाती हैं, जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है, और नसों में खून का बहाव भी रुक सकता है, जिससे दर्द होता है और खून की कमी हो जाती है। इस रोग का कोई उपचार नहीं है बस सावधानी रखने पर परेशानी से बचा जा सकता हैं। हाथ पैरों में दर्द, कमज़ोरी, सीने में दर्द, किसी प्रकार का संक्रमण इसमें हो सकता है। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति दो प्रकार का होता है, पहला वाहक व्यक्ति जिसमें सिकल सेल के लक्षण तो नहीं होते परंतु वह सिकल सेल रोग अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है। दूसरा जिसमें रोग के लक्षण होते हैं और वह रोग हस्तान्तरित कर सकता है। सिकल सेल आने वाली पीढ़ी में हस्तांतरित ना होने पाए तथा रोग पाए जाने पर किस प्रकार की सावधानी बरती जा सकती है इसके लिए अपने सिकल सेल की स्थिति जानना अति आवश्यक है, इसी उद्देश्य से जिले भर में सिकल सेल जांच व्यापक स्तर पर की जा रही है। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी जिलावासियों से अपनी सिकल सेल की स्थिति जानने के लिए अधिक से अधिक जांच करवाने की अपील की है।



# बंगोली में धड़ल्ले से बेखौफ हो रहा मुरुम का अवैध उत्खनन

## सत्ता से संरक्षण प्राप्त युवा नेता करा रहे अवैध मुरुम खनन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 2 फरवरी।** प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आया है तब से युवा मोर्चा के नेता इन दिनों सक्रिय होकर अपने पद का मान रखते हुए व दायित्व का निर्वहन करते हुए मोर्चा संभाल कर बखूबी से अवैध मुरुम मिट्टी खनन के कार्य मे जुट गए है और विभाग से रायल्टी पीट-पास जारी होने की दुहाई देकर व मामूली पीट- पास जारीकर अवैध खनन में अपनी हिस्सेदारी निभा रहे है बता दें कि इन दिनों कुरुद ब्लाक के ग्राम बंगोली, बंजारी में खुलेआम मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। माफिया महंगे दाम में इसे धड़ल्ले से बेच भी रहे हैं। ठेकेदार मोटी रकम कमा रहे हैं। अवैध उत्खनन की जानकारी होने के बावजूद अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे माफिया के हौसले बुलंद हैं। बता दे की सड़क निर्माण कार्य के आड़ में मिट्टी, मुरुम माफिया दिन व रात खनन कर रहे हैं। जिसकी जानकारी खनिज विभाग के अधिकारियों को भी है लेकिन अवैध मुरुम खनन को अधिकारी संरक्षण दे रहे है। कुरुद से लगे पंचायतों में ये माफिया अपना कारोबार बेखौफहोकर कर रहे है। कुरुद शहर से लगे ग्राम पंचायत बंगोली, बंजारी में तो शाम ढलते ही बकायदा मशीनों के माध्यम से मुरुम का अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। कुछ रसुखदार यहां बेखौफ होकर इस गोरखधंधे को अन्जाम दे रहे है। बंजारी में खाली पड़ी जमीन को ये निशाना बनाये हुए है। यही से रात के अंधेरे में मुरुम का अवैध खनन कर परिवहन किया जाता है। यही नही दिन दहाड़े खेत समतलीकरण करने के नाम पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है, जिसे पास के ही ईट भट्ठे में बेचा जा रहा है।इन वाहन मालिकों के हौसले इतने बुलन्द है कि इन्हें किसी भी अधिकारी का खौ़फ़ नही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता के परिणाम स्वरूप खनन माफिया फायदा उठा रहे हैं। इस मामला के बारे में पूर्ण जानकारी के लिए विभागीय अधिकारी को फोन मिलाया गया लेकिन विभागीय अधिकारी द्वारा फोन रिसीवर नहीं किया गया जिससे यह साफनजर आता है कि यह अवैध खनन अधिकारी से मिली भगत चल रहा है।

## अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई

- 14 दिनों में ही विभिन्न प्रकरणों में 26 गाड़ियां हुई जब्त
- लगभग 5 लाख रुपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना
- डोंगरीडीह में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 5 हाईवा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसके तहत 14 दिनों में 26 प्रकरणों पर 5 लाख 10 हजार रूपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना लगाया गया है। जब्त गाड़ियों में एक सोल्ड सहित 18 टेक्टर, 2 चैन माउंटेन, 6 हाईवा समेत कुल 26 गाड़ियां शामिल है। खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी को रेत से भरे टैक्टर सीजी 22 टी 4625, सीजी 04 पीसी 4704, सीजी 04 एमएस 6405, 16 जनवरी को 2 माउंटेन चैन ओडी 08, टी 0336, ओडी 08 टी 2700, 17 जनवरी को टैक्टर सीजी 04 एमई 2035, 19 जनवरी को 5 रेत से भरे हाईवा डोंगरीडीह से सीजी 22 एक्स 7336, सीजी 28 पी 8255, सीजी 28 एन 7310, सीजी 28 क्यू 1811, सीजी क्यू 1844 शामिल है। इसी तरह

29 जनवरी को टैक्टर सीजी 22 एसी 1082, सीजी 04 एलएल 6090, सीजी 04एचएल 8339, सोल्ड टैक्टर, सीजी 04 एलजे 1531, सीजी 04 पीएफ7468, सीजी 04 एनबी 9376, शामिल है। इसके साथ ही आज 1 टैक्टर बोल्डर के परिवहन करते, 5 टैक्टर रेत के परिवहन करते एवं 1 चुना पत्थर से भरे हाईवा को जब्त किया गया है। सभी गाड़ियां को नजदीकी थाने के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरणों के निराकरण से कुल रु.5 लाख 10 हजार अर्थदंड राशि की वसूली की जाएंगी जो शासन के राजस्व में जमा होगा। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### जिले में बंपर धान खरीदी के बावजूद समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि 4 फरवरी तक बढ़ाई



**बलौदाबाजार, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। गौरतलब है कि राज्य में चालू खरीफविपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान खरीदी के लिए मात्र एक दिन और शेष है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष में धान खरीदी के लिए निर्धारित अवधि में प्रत्येक शनिवार को उपार्जन केन्द्रों में लेखा मिलान और रविवार को सामान्य अवकाश के कारण खरीदी बंद रहती है। ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। राज्य के किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री साय का यह संवेदनशील निर्णय है।

### षडयंत्रपूर्वक जमीन की हेराफेरी करने वाले पटवारी को कलेक्टर ने किया निलंबित

**बलौदाबाजार, 2 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** षडयंत्र पूर्वक जमीनों की हेराफेरी करने के आरोप में बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंद राम साहू को कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित किया है। आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण पदुमनलाल साहू पिता चैतूराम साहू निवासी ग्राम दशरमा एवं 01 अन्य द्वारा तत्कालीन पटवारी नंदराम साहू, प.ह.नं. 18, दशरमा के साथ षड्यंत्र पूर्वक ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं.47/1, 47/4 रकबा 0.021 हेक्टेयर, जो लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास रोड हेतु अधिग्रहित किया गया था। उसका बिक्री नकल जारी कर आवेदक को विक्रय कर दिया गया है। उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार से कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार द्वारा जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्य प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूध्द है। अत: छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 के प्रावधानानुसार तत्कालीन पटवारी हल्का नं.-18, दशरमा नंदराम साहू, वर्तमान पटवारी ह.नं-04, रसेड़ा तहसील बलौदाबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसके साथ ही छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14(2) 5 (क) के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार को विभागीय जांच अधिकारी एवं छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14 (5) (ग) के अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भारत माता वाहिनी समूह ने निकाली नशामुक्ति जागरुकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा) में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यकम आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यकम का आयोजन किया गया, 62 भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम भरसेला (बड़ा) में भारत माता वाहिनी समूह योजना के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्प्लेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगण, समाज शिक्षा संगठक एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार के कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।



# नशाखोरी कर शांति भंग करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- थाना सिमगा एवं सिटी कोतवाली पुलिस ने चलाया विशेष अभियान
- सभी आरोपी युवा वर्ग के, नशे का सेवन कर, करते थे माहौल खराब
- सभी के विरुद्ध की गई धारा 151 107, 116(3) के तहत की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 1 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सिमगा एवं सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत छापामार कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़ा गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में नशाखोरी करने वाले युवाओं, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने एवं इन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए छापामार अभियान चलाया था रहा है। अभियान के दौरान कल दिनांक 28.01.2024 को बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर में नशाखोरी कर शांति भंग करने वाले कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर, सभी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया था। अभियान के इसी चरण में आज दिनांक 29.01.2024 को थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक परिवेश तिवारी के नेतृत्व में सिमगा एवं पुलिस सहायता केन्द्र लिमतरा एवं सहायक उप निरीक्षक नवीन शुक्ला प्रभारी थाना सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा छापामार अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार, ग्राम खैरी एवं सिमगा नगर में इनके एक साथ इकट्ठा होकर नशा करने वाले स्थान, छिपने वाले स्थान एवं अन्य जगहों की पहचान कर पुलिस बल के सांथ आकस्मिक दबिश दिया गया। इस बीच सिमगा पुलिस टीम द्वारा इस प्रकार नशाखोरी कर शांति भंग करने वाले 05 आरोपियों को तथा थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 02 आरोपियों पकड़ा गया है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा धारा 151, 107, 116(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

» घनश्याम जोशी पिता स्व. संतोष जोशी उम्र 35 साल निवासी वार्ड क्रं 12 गांधी चौक नेवर थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर

» रामकुमार साहू पिता स्व विश्राम साहू उम्र 43 साल निवासी वार्ड क्रं 18 तिल्दा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर

» विजय निषाद पिता स्व लेखराम निषाद उम्र 23 साल निवासी वार्ड क्रं 13 कंकालिन पर सिमगा थाना सिमगा

» राकेश कुर्रे पिता मोहन कुर्रे उम्र 33 साल निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा

» योगेश साहू पिता स्व. मुरारी साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम ढेकुना थाना सिमगा

» रजा खान पिता रज्जाक खान उम्र 26 वर्ष निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली

» सुरेश कुमार पिता चैतूराम बंजारे उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम खैरी (लटुवा) थाना सिटी कोतवाली


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 2 जगदलपुर

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 291/NIT-10/व.ले.लि.//2023-24 — दिनांक 30/01/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.02.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.02.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 19.02.2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
ठेकेदार की श्रेणी :- द से अ श्रेणी हेतु
निविदा प्रपत्र की राशि :- रू. 750
कार्य की अवधि :- 03 माह

| एन.आई.टी. क्रमांक/ निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 10 T0078 | विकासखंड-बास्तानार के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र के भवनों के छत का वाटर प्रुफिंग एवं मरम्मत कार्य। | 7.32 5500.00 109800.00 |
| 10 T0079 | विकासखंड-दरभा के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों के छत का वाटर प्रुफिंग एवं मरम्मत कार्य। | 9.42 7100.00 141300.00 |
| 10 T0080 | विकासखंड-लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केन्द्र के छत का वाटर प्रुफिंग एवं मरम्मत कार्य। | 19.22 14500.00 288300.00 |

टीप:- अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रं.2
जगदलपुर

जी-07400/4

## एक नजर

### शिक्षा के विस्तार को लेकर बृजनमोहन मिले प्रधान से

**रायपुर, 1 फरवरी(मुख्य नगर संवाददाता)।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं शिक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मिले। छग में उच्च शिक्षा एवं शालेय शिक्षा के विस्तार पर उन्होंने चर्चा की है। राज्य के स्कूल एवं शालेय शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल दिल्ली दौरे पर हैं। वे राज्य की शालेय शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए मानव संसाधन मंत्री से महत्वपूर्ण करने पहुंचे। राज्य में इस समय बड़ी संख्या में महाविद्यालय खोल दिए गए हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों को यूजीसी से मान्यता नहीं मिली है जिसके कारण इसके संचालन में काफी समस्याएं आ रही है। स्कूल शिक्षा में मध्यान्ह भोजन को लेकर राशि का संकट हो गया है। इसके लिए अधिक से अधिक सहायता देने की मांग की है। ज्ञात रहे धर्मेन्द्र प्रधान ओडिशा से सांसद हैं। वे छग की कला व संस्कृति से अवगत हैं। मानव संसाधन मंत्रालय के अधीन खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय भी आता है। यूजीसी के द्वारा नई शिक्षा नीति तैयार की जा रही है लेकिन यह नीति छग में लागू नहीं हो पाई है।

### आपसी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 1 फरवरी ।** दीक्षा नगर गुढियारी में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से दीक्षा नगर गुढियारी निवासी प्रार्थी रोशन यादव 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश यादव व विकाश यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर हाथ मुक्का, चैन एवं बल्ली से मारपीट कर चोट पहुंचाये। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी आकाश यादव 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रोशन यादव, अनीता यादव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक-बस की टक्कर में महिला की गई जान

**रायपुर, 1 फरवरी ।** पुराना धमतरी रोड स्थित भरेंगाभाठा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और बस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं 6 लोग घायल हो गए। मामले में अभनपुर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी 04 डीके 0257 सवारियों को लेकर जा रही थी। तभी ग्राम भरेंगाभाठा के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक एपी 39 टी 6263 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए बस को टक्कर मार दिया। जिससे बस पलट गई और उसमें सवार महिला शांति बाई 65 वर्ष निवासी ग्राम तर्री गोबरानवापारा की मौत हो गई। वहीं बस में सवार अन्य 6 लोग घायल हो गए। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफकार्रवाई की है।

### सिटी मॉल के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 1 फरवरी ।** सिटी माल सुराना सेंटर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश सोना 27 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 7559 को सिटी मॉल सुराना सेंटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 1 फरवरी ।** गुढियारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गा चौक अशोक नगर में दबिश देकर सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल व नकदी 5800 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने दुर्गा चौक अशोक नगर में दबिश देकर आरोपी बल्लू बंजारे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल व नकदी 5800 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 5 पकड़ाए

**रायपुर, 1 फरवरी ।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कृष्ण कुमार चौधरी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी कोमल साहू 30 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी डेविड बांदे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 1 फरवरी ।** आनंद चौक सांकरा में धरसींवा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 11 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आनंद चौक सांकरा में दबिश देकर आरोपी रवि सायतोड़े 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# लोकसभा चुनाव : भाजपा-कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की कवायद

**लोकसभावार भाजपा कार्यालय खुलना शुरू, राहुल गांधी की यात्रा से कांग्रेसजन उत्साहित**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 फरवरी।** लोकसभा चुनाव के लिए अब राजनीतिक दलों ने कमर कसना शुरू कर दिया है। भाजपा ने सभी नए चेहरों को टिकिट देने की कवायद शुरू कर दी है वहीं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट प्रत्याशी चयन को लेकर जल्द ही महत्वपूर्ण बैठक लेने वाले हैं। भाजपा चुनावी कार्यालय खोल रही है।

कांग्रेस के प्रशासनिक मंत्री एवं महासचिव मलकीत सिंह गैंदू ने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमेन रजनी पाटिल ने प्रत्याशी चयन को लेकर रायशुमारी की है। अब दिल्ली में प्रत्याशी चयन की अंतिम बैठक संभवतः 4 फरवरी को होने वाली है। इस बैठक में छग प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक के लिए दावेदारों के नामों का एक पैनल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा छग में आने होने वाली है। इस यात्रा को लेकर कांग्रेसजनों में भारी उत्साह है। यह यात्रा चार लोकसभा क्षेत्रों को कव्हर करेगी। ज्ञात रहे कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेताओं को भी उतारने के संकेत दिए हैं लेकिन टीएस सिंहदेव, भूपेश बघेल, चरणदास महंत सार्वजनिक रूप से चुनाव लड़ने से इंकार कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में अब नए चेहरों को उतारा जाएगा। इस समय आरक्षित सीट के लिए अनेक लोगों की दावेदारी सामने आई है।

### भाजपा में नए चेहरों को प्राथमिकता

भाजपा के स्वागत समिति के प्रमुख लोकेश कावड़िया ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का दौरा कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। आज भाजपा की लोकसभावार बैठकें शुरू हो गई है। अनेक दावेदारों ने लोकसभा चुनाव की टिकिट के लिए आवेदन दिया है। छग में कुल 11 लोकसभा सीट हैं इसके लिए सैकड़ों आवेदन आए हैं। भाजपा प्रत्येक लोकसभा के लिए पैनल तैयार कर रहा है। छत्तीसगढ़ भाजपा के तीन सांसद अरुण साव, गोमती साय एवं रेणुका सिंह विधायक बन गए हैं। पुराने चेहरों में विजय बघेल को टिकिट मिलने की संभावना है। बाकी स्थानों पर नए लोगों को टिकिट दी सकती है। भाजपा इस समय लोकसभा चुनाव पर पूरा फोकस कर रही है। अन्य राजनीतिक दल चुनाव लड़ेंगे या नहीं स्पष्ट नहीं है। बताया जाता है कि भाजपा के संसदीय दल की बोर्ड बैठक में ही कोई अंतिम फैसला होगा। केंद्र का अंतरिम बजट सत्र और राज्य का भी बजट सत्र होने के कारण चुनाव की तैयारियां प्रभावित हो रही है।

### निर्वाचन आयोग की बैठकें शुरू

मतदाता पुनरीक्षण सूची के साथ ही अब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक लेना शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों के साथ बैठकें हो रही है। मतदाता सूची, मतदान केंद्रों एवं सुरक्षा बलों सहित अन्य मुद्दों को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है। लोकसभा के चुनाव का खर्च केंद्र शासन वहन करेगा। स्थानीय प्रशासन परिवहन, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं देखेगा।

# अधिकारियों ने मेक इन इंडिया चौक का किया निरीक्षण



**रायपुर, 1 फरवरी।** यातायात पुलिस रायपुर तेलीबांधा थाना के सामने मेक इन इंडिया चौक पर पीक अवर्स में लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिसको देखते हुए श्री सचिन्द्र कुमार चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, श्री सुशांतो बनर्जी उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, नगर निगम रायपुर से श्री राजेश शर्मा कार्यपालन अभियंता , श्री अरुण अरुण साहू जोन कमिश्नर जोन 03 , श्री दिलीप कोसरिया जोन कमिश्नर जोन 10, एनएचएआई से श्री रविंद्र सहाय प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सीनियर मैनेजर श्री अमर परिहार द्वारा चौक का संयुक्त निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान चौक पर यातायात के सिग्नल के माध्यम से संचालन में आ रही कठिनाई एवं कारणों का अवलोकन किया गया एवं यातायात के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु निम्नानुसार कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया।

तेलीबांधा थाना के सामने जंक्शन स्थान पर ङ्कढ्ढक्क टर्निंग की ओर से शहर की ओर प्रवेश करने वाले मार्ग के आईलैण्ड की चौड़ाई एवं पाथवे की चौड़ाई को कम करना । विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के सामने समाप्त हो गया है उसे आगे बढ़ाते हुए चंद्रा आइकॉन काम्प्लेक्स के सामने सर्विस रोड तक बढ़ाकर पूर्ण किया जाना। मिनोचा पेट्रोल पंप की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के पास समाप्त हो गया है उसे अवंति विहार तिराहा तक आगे बढ़ाना।

### अंतर्राष्ट्रीय जिझौतिया ब्राह्मण महासंघ का 3 को परिवारिक मिलन

**रायपुर 1 फरवरी।** अंतर्राष्ट्रीय जिझौतिया ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक एवं संयोजक कपिलल देव मिश्रा, सदस्य मार्गदर्शक मंडल निर्मल कुमार संक्षारक और छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सुशांत तिवारी ने सयुंक्त रूप से प्रेसवार्ता में बताया कि जिझौतिया ब्राह्मण उपवासंच छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा शनिवार, 3 फरवरी 2024 के सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक वृंदावन हॉल सिविल लाईन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिवारिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया हैं। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य एक ध्वज, एक गान, एक विधान और एक निशाना के अंतर्गत सभी जिझौतिया ब्राह्मणों को एक कर संगठित करना है। इस मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के अलावा नई दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के स्वजातीय बंधु इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ आ रहे हैं।

# अंतरिम बजट संतुलित एवं विकासकारी : चेम्बर

**मोदी के बजट को भाजपा नेताओं ने विकसित एवं कल्याणकारी बताया**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 फरवरी।** केंद्रीय वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई है। भाजपा नेताओं ने इसे गरीब, किसान एवं महिलाओं के विकास के लिए बनाया गया बजट बताया है। वहीं चेम्बर के अध्यक्ष ने इसे संतुलित बजट बताते हुए कहा कि यह उद्योग एवं व्यापार के लिए अच्छा बजट है। किसानों के लिए किए गए प्रावधानों का भी स्वागत किया गया है। कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताया है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में अधोसंरचना के विकास के लिए 11 प्रतिशत की राशि रखी गई है। इस राशि से देश का विकास होगा। यह बजट उद्योग एवं व्यापार के लिए हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि बजट में युवा, महिला तथा गरीब के लिए भी कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है। फार्मेसी काउंसिल के सदस्यों ने कहा कि इसमें आयुष्मान योजना के लिए एक बड़ी राशि रखी गई है। इससे लोगों को लाभ मिलेगा। किसान नेताओं के अनुसार किसानों के लिए किसान निधि सम्मान योजना बढ़ाई गई है। नैनो यूरिया को प्रोत्साहन दिया गया है। चार्टर्ड एकाउंटेंट भी अंतरिम बजट से खुश हैं। इसमें कोई नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है। इन्कम टैक्स रिडक्शन से भी लोगों को लाभ होगा। नए रिसर्च एवं नवाचार कार्यक्रम के लिए भी बड़ी राशि रखी गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो करोड़ नए मकान बनाए जाएंगे। लखपति दीदी योजना भी काफी कल्याणकारी सिद्ध होगी। आयुष्मान योजना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी एक बड़ी राशि रखी गई है। चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री के मोदी की गारंटी योजना को पूरा करने का प्रयास किया गया है। लोकसभा चुनाव मार्च महीने में होने हैं। नई सरकार का गठन मई माह में होगा इसलिए मोदी सरकार ने सिर्फ अंतरिम बजट पेश किया है। कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। बजट में सकल राजकोषीय घाटा को पूरा किया गया है इससे देश का विकास होगा। भाजपा के कैबिनेट मंत्रियों के अलावा अन्य नेताओं ने बजट को कल्याणकारी एवं नए भारत के विकास की ओर ले जाने वाला बजट बताया है।

### पुलिस ने नक्सलियों के लिए पेड़ों में लगाए पर्चे

**राजनांदगांव , 1 फरवरी ।** पुलिस टीम गांव-गांव पहुंच रही है। जहां इन नक्सलियों के नाम पर्चा लगाया जा रहा है। पुलिस अतिसंवेदनशील गांवों, नक्सलियों के निवास स्थान और मूवमेंट हिस्सों में ऐसा पर्चा लगा रही है। इसके अलावा अति संवदेनशील हिस्सों में भी पर्चा फेंका जा रहा है। ताकि नक्सलियों तक पुलिस की अपील पहुंच सकें। वे विचार करें और आत्मसमर्पण के लिए आगे आएं। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हर हिस्से में ऐसे पर्चे लगाने की तैयारी की गई है। एमएमसी जिले में लंबे समय से युवाओं ने नक्सल संगठन का सहयोग बंद कर दिया है। नक्सलियों के संगठन में कोई भर्ती भी नहीं हो रहा। इससे संगठन लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। ऐसे में नक्सली अब ग्रामीणों को बरगलाने कई तरह की हरकतें कर रहे हैं।

### गले में रॉड घुसाकर बालक की हत्या

**बालोद,1 फरवरी।** अर्जुंदा थाना इलाके में बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है. बच्चे की उम्र 10 साल है और वह चौथी क्लास में पढ़ता था. बच्चे की लाश स्कूल के पीछे गौठान में मिली. उसके गले में रॉड घुसा हुआ था और चेहरे पर भी चोट के कई निशान थे. मासूम की हत्या के बाद से गांव में तनाव की स्थिति है. बच्चे का नाम तोरण सिंह है. बुधवार को वह सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था।

# गृहमंत्री शर्मा को टी स्टॉल में देख ग्राहक रह गए अवाक



**रायपुर,1 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा आज अपने पुराने रंग में नजर आए. भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए वे सिविल लाइन थाना के समीप स्थित जिस स्टॉल में चाय पिया करते थे, आज वे फिर वहीं चाय पीने पहुंच गए. उप मुख्यमंत्री को देख सेल्फी खिंचाने के लिए लोग उमड़ पड़े. उप मुख्यमंत्री के साथ गृह मंत्री जैसे हाई प्रोफाइल विभाग मिलने के बाद भी जमीन से जुड़े हुए हैं. इस बात को आज विजय शर्मा ने साबित कर दिया. गुरुवार सुबह दौरे के लिए सिविल लाइन थाना से गुजरते समय उन्हें रामेश्वर टी स्टॉल नजर आया, जहां वे कभी पार्टी पदाधिकारी रहते हुए चाय पिया करते थे. उन्होंने बिना समय गंवाए गाड़ी रुकवाई और चाय पीने पहुंच गए. विजय शर्मा को देख चाय दुकान संचालक के साथ-साथ चाय पीने वाले दूसरे ग्राहक भी अवाक रह गए. गृह मंत्री ने खुद चाय पीने के साथ साथ मौजूद समर्थकों, कार्यकर्ताओं को भी चाय पिलाई.सालों बाद विजय शर्मा को देख पहले से ही गदगद चाय दुकान वाला पैसे लेने से मना करता रहा, लेकिन स्वयं मंत्री ने अपनी जेब से पैसे निकालकर सभी का भुगतान किया.

इस दौरान गृह मंत्री को अपने साथ पाकर स्टॉल में मौजूद लोग उनके साथ सेल्फी खिंचाने लगे, गृह मंत्री ने भी खुशी-खुशी उनके साथ फोटो खिंचाई.

# 10 वीं -12वीं की परीक्षा अब छत्तीसगढ़ में होगी दो बार

**रायपुर 1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में अब 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार होगी. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसका प्रारूप तैयार कर लिया है. पहली बोर्ड परीक्षा में प्राप्त नंबरों से असंतुष्ट विद्यार्थी दूसरी बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे. जिस परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक होंगे, वही बोर्ड की परीक्षा मानी जाएगी। यह इसी सत्र से लागू होगा। पूरक परीक्षा बंद हो जाएगी. बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि एक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा करवाने की अधिसूचना माशिमं फरवरी में जारी कर सकता है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वर्ष में दो बार परीक्षा लेने का प्रविधान है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहली परीक्षा एक मार्च से शुरू होगी. दूसरी परीक्षा जून के अंतिम सप्ताह अथवा जुलाई में हो सकती है. अभी तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इसे लागू नहीं कर पाया है. संभवत- अगले सत्र से लागू करेगा. एक मार्च से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र और उत्तर-पुस्तिकाओं की छपाई शुरू हो गई है. बोर्ड की तरफ से उत्तर-पुस्तिकाओं का वितरण 10 या 12 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा. पहले हर जिले में बने समन्वय केंद्रों में परीक्षा सामाग्री भेजी जाएगी. यहीं से स्कूलों को सामाग्री वितरित की जाएगी. प्रदेश में 34 समन्वय केंद्र बनाए गए हैं. रायपुर जिले में दो और बाकी जिलों में एक-एक समन्वय केंद्र है.

### एक्सिस बैंक ने अर्थ केयर अवार्ड जीता

**रायपुर 1 फरवरी।** भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में एक्सिस बैंक फाउंडेशन को जेएसडब्ल्यू और द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित अर्थ केयर अवार्ड 2024 के 11वें संस्करण में सम्मानित किया गया है। एबीएफ और बीआरएलएफ को समुदाय आधारित जलवायु कार्रवाई कार्यक्रम की श्रेणी के तहत छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव वाटरशेड परियोजना में उनके असाधारण कार्य के लिए मान्यता दी गई है। प्रतिष्ठित पुरस्कार ने एबीएफ और बीआरएलएफ के सतत आजीविका कार्यक्रम के उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता दी, जिसने नवीन भूमि और जल उपचार उपायों के माध्यम से 1 लाख से अधिक किसान परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की थी।

# बिना विपक्ष के देश चलाना चाहती है भाजपा: भूपेश

**रायपुर,1 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल दिल्ली, बंगाल और बिहार दौरे से वापस छत्तीसगढ़ लौट आए है. राजधानी रायपुर पहुंचने के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के हमले की निंदा की और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस की सरकार में कभी भी पुलिस कैंप पर हमला नहीं हुआ था. लेकिन प्रदेश में भाजपा किस सरकार बनते ही नक्सली वारदातें बढ़ गई है. साय सरकार को इसका जवाब देना चाहिए जो मोबाइल पर नक्सलियों से बात करना चाहती थी. मैं इस हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं, उनके हौसले को सलाम करता हूं.छत्तीसगढ़ में आईटी के छापे के सवाल पर पूर्व सीएम बघेल ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि, भाजपा की सरकार को अपराध या अपराधियों से कोई मतलब नहीं है, उन्हें कांग्रेस से मतलब है. हम कांग्रेस के पूर्व मंत्री भगत के साथ है. अपने सभी साथियों के साथ केंद्रीय एजेंसियों से लड़ेंगे. वहीं साय कैबिनेट को लेकर सीएम भूपेश ने कहा कि, बीजेपी से मेरा ये सवाल है कि, महतारी वंदन का पैसा महिलाओं को अब तक क्यों नहीं मिला. अनुपूरक बजट में प्रावधान होने के बाद भी पैसा क्यों नहीं दे रहे हैं? 31 सौ रुपये भी किसानों को नहीं मिल रहा है. झारखंड में जारी सियासी उथलपुथल के बीच हेमंत सोरेन के इस्तीफे पर पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि, केंद्र की भाजपा सरकार डरा-धमकाकर स्थिर सरकार को अस्थिर करने में लगी है. भाजपा बिना विपक्ष के देश चलाना चाहती है. विपक्ष के नेताओं को झूठे केस में फंसाया जा रहा है, ये जनता के लिए लोकसभा चुनाव अलार्म है.



# नेत्रहीन छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ परीक्षण के साथ दवाइयों और वस्तुओं का वितरण

**रायपुर 1 फरवरी।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के द्वारा नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड स्कूल में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 120 छात्राये लाभान्वीत हुई । इस आयोजन मे इक्विटास डेवलपमेंट इनीशिएटिव ट्रस्ट ने सहयोगी की भूमिका निभाई । श्री अनंत साई हॉस्पिटल के डॉ विवेक कुमार , डॉ नीलिमा साहू , गिरीश साहू , अंजु नेताम , रूपेश लखेरा , नितिन राय आदि ने अहम भूमिका निभाते हुए छात्राओं का ब्लड ग्रुप , जनरल चेकअप , गायनिक , ई एन टी की जांच की गई । इस कार्यक्रम में अमेरिका से आए रोटेरियन शाह दंपती ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की । रोटरी अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने छात्राओं से आग्रह किया की वे निसंकोच होकर अपनी समस्याएं डॉक्टरों को बताएं ताकि समय रहते सही चिकित्सा सुविधा मिल पाए। मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। रोटरी क्लब हमेशा इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करता आ रहा है। इस अवसर पर



रोटरी क्लब और इक्विटास डेवलपमेंट की तरफ से छात्राओं के दैनिक उपयोग की वस्तुएं टूथ ब्रश पेस्ट , तेल , साबुन , पोहा , आलू आदि सामग्री भी भेंट की गई । स्वास्थ जांच के उपरांत डॉक्टरों की सलाह पर हॉस्टल की इंचार्ज भगवती कोस्थी की अनुमति से दो आया बाई के नेतृत्व मे बारह छात्राओं को गहन जांच के लिए श्री अनंत साई हॉस्पिटल ले जाया गया जहां सोनोग्राफी के साथ पेथालैजिकल जांच के उपरांत आवश्यक दवाइयां निशुल्क उपलब्ध करायी गई ।इस अवसर पर एन सी मोरियानी , शेखर अमीन , चंपालाल साहू , चंद्र शेखर साहू , प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# उमरिया में 150 पौवा शराब के साथ पकड़ा गया शराब कोचिया

**रायपुर 1 फरवरी ।** मंदिर हसौद थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया ( जरौद ) में बीते ?30 जनवरी को 25 वर्षीय शराब कोचिया विश्वजीत जोशी 150 पौव्वा शराब के साथ रंगे हाथ थाना ?अमला द्वारा ?पकड़ा गया। शराब की मात्रा 5 लीटर से अधिक होने के कारण उसे आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2) के गैरजमानतीय अपराध के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालयीन आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया ।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी रोहित मालेकर के नेतृत्व में थाना अमला द्वारा शराब तस्करी व अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान सहायक उप निरीक्षक छक्कन लाल साहू के साथ पैट्रोलिंग में निकले आरक्षक दिनेश झा व निहाली राम साहू के टीम को अपराह्न समय मुखबिर से आरोपी द्वारा अपने घर बाड़ी के पैरावट में शराब छिपाकर रखने की सूचना मिली । तलाशी पर 2 सफेद ?रंग के बोरी में शराब रखे मिला । शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था ।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26